राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 138 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुरूग्राम राहगिरी में साइकिल चलाते हुए।

## 2000 का नोट बदलने के लिए आईडी की जरूरत नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

स्टेट बैंक ने रविवार को 2000 का नोट बदलने के लिए गाइड लाइन जारी की है। भारत के सबसे बड़े बैंक ने कहा कि नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे। स्टेट बैंक ने नोटिफिकेशन इसलिए जारी किया है, क्योंकि सोशल मीडिया पर नोट बदलने को लेकर अलग-अलग जानकारियां दी जा रही थीं। कहा जा रहा था कि नोट बदलने के लिए आधार जैसी कोई आईडी जरूरी होगी और फॉर्म भी भरना होगा। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। आरबीआई ने 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है। बैंक ने यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा।

**सवाल: कहां से बदल सकते हैं ये 2 हजार के नोट?**

जवाब: आप अपनी पास की किसी भी बैंक की शाखा में जाकर ये नोट बदल सकते हैं।

**सवाल: मेरा बैंक अकाउंट नहीं है तो क्या मैं इसके बिना नोट बदल सकता हूं?**

जवाब: हां, आप किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर नोट बदल सकते हैं। उस बैंक में आपका अकाउंट हो ऐसा जरूरी नहीं है। आप सीधे काउंटर पर जाकर नोट बदल सकते हैं। वहीं अगर आपका उस बैंक में अकाउंट है तो आप ये रुपए अपने अकाउंट में जमा भी करा सकते हैं।

**सवाल: एक बार में कितने नोट बदल सकते हैं?**

**जवाब**: एक बार में 20,000 की सीमा तक 2000 के नोट बदलवा यानी दूसरे डिनॉमिनेशन में एक्सचेंज करवा सकते हैं। वहीं अगर आपका अकाउंट है तो आप कितने भी 2000 के नोट डिपॉजिट (अकाउंट में जमा) कर सकते हैं।

# विपक्ष को एकजुट करने की कवायद

### केजरीवाल को नीतीश का मिला साथ, केंद्र के अध्यादेश के खिलाफः विपक्ष साथ दे, 2024 में भाजपा खत्म हो जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक बार फिर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिले। एक महीने में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले 12 अप्रैल को दोनों मिले थे। नीतीश के साथ बिहार के डिप्टी सीएम और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी भी थे। नीतीश ने अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र के अध्यादेश को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा- एक चुनी हुई सरकार को दी गई शक्तियां कैसे छीनी जा सकती हैं? यह संविधान के खिलाफ है। हम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। हम देश के सभी विपक्षी दलों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस अध्यादेश को कानून बनाने के लिए राज्यसभा में लाती है तो विपक्ष हमारा साथ दे। विपक्ष एक साथ होगा तो 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश के विरोध में वे देशभर की विपक्षी पार्टियों से मिलकर समर्थन मांगेंगे। 23 मई को वे कोलकाता में ममता बनर्जी से मिलेंगे। 24 मई को मुंबई में उद्धव ठाकरे और 25 मई को मुंबई में ही शरद पवार से मिलेंगे। इसके बाद वे अन्य विपक्षी दलों से सिलसिलेवार मुलाकात करेंगे।



### सीएम केजरीवाल ने की थी प्रेसवार्ता

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अध्यादेश लाकर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को चुनौती दी है। उन्होंने बताया कि यह मामला कोर्ट में पांच मिनट भी नहीं टिकेगा। आम आदमी पार्टी की सरकार इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि वो दिल्ली में हर एक घर में जाएंगे और इस अध्यादेश के बारे में बताएंगे। साथ ही वो एक महारैली करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस बार लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता एक भी सीट पर जीत नहीं दिलाएगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि वो हर पार्टी से समर्थन मांगेंगे ताकि राज्यसभा में यह अध्यादेश पारित न हो।

**11 मईः सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा- दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करेंगे एलजीः** सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला दिया कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। 5 जजों की संविधान पीठ ने एक राय से कहा- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे।

**12 मईः केजरीवाल सरकार ने सर्विस सेक्रेटरी का ट्रांसफर किया, एलजी ने रोकाः** सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के फैसले के एक दिन बाद ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सर्विस सेक्रेटरी आशीष मोरे को हटा दिया। दिल्ली सरकार का आरोप है कि एलजी ने इस फैसले पर रोक लगा दी है। एलजी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद ऐसा कर रहे हैं। यह कोर्ट के आदेश की अवमानना है। हालांकि बाद में एलजी ने फाइल पास कर दी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 7 दिन बाद केंद्र सरकार ने 19 मई को दिल्ली सरकार के अधिकारों पर अध्यादेश जारी कर दिया।

### मिशन 2024

● एक चुनी हुई सरकार को दी गई शक्तियां कैसे छीनी जा सकती हैं? यह संविधान के खिलाफ है: नीतीश



पापुआ न्यू गिनी में भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया।

## यूक्रेन के बखमुत पर रूसी कब्जा, पुतिन ने बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/कीव/मॉस्को**

**रूस की** प्राइवेट आर्मी- वैगनर ग्रुप ने दावा किया है कि उन्होंने यूक्रेन के बखमुत शहर पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने आर्मी को बधाई दी है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- वहां कुछ नहीं बचा है, शहर पूरी तरह से तबाह हो चुका है। 20 मई को वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया था कि उन्होंने बखमुत कब्जा लिया है। हालांकि, तब यूक्रेन ने इस दावे को खारिज कर दिया था। अगस्त 2022 से इस शहर में रूसी और यूक्रेनी सेना के बीच लड़ाई जारी थी।

# पहलवानों के सपोर्ट में सर्वखाप महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिय/रोहतक**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ दिल्ली में धरने पर बैठे पहलवानों के हक में रविवार को हरियाणा में सर्वखाप महापंचायत हुई। रोहतक में महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर हुई इस महापंचायत में हरियाणा और यूपी के अलावा अन्य राज्यों के खाप प्रतिनिधि भी पहुंचे।

महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत के अलावा धरने पर बैठे पहलवान भी शामिल हुए। सुबह 11 बजे शुरू हुई महापंचायत शाम 4 बजे तक चली। इसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि पहलवानों के समर्थन में 23 मई को दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इंडिया गेट पर शाम पांच बजे निकाले जाने वाले इस कैंडल मार्च में देशभर के लोग पहुंचेंगे। 28 मई को नए संसद भवन में खापों की महिला महापंचायत होगी जिसमें देशभर से महिलाओं के अलावा खाप और किसान नेता भी पहुंचेंगी।

### आर-पार की लड़ाई

● पहलवानों के समर्थन में 23 मई को दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला जाएगा: सर्वखाप महापंचायत



# हिमाचल की सड़कों को सुरक्षित बना रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
कठिन भौगोलिक स्थिति के बावजूद, हिमाचल प्रदेश में देश के अन्य सभी पहाड़ी राज्यों की तुलना में उच्चतम सडक घनत्व वाला सुदृढ़ सडक नेटवर्क है। वर्तमान राज्य सरकार प्रदेशवासियों व बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए यहां की सडकों को सुरक्षित व सुखद बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रदेश के नैसर्गिक सौन्दर्य व साहसिक एवं धार्मिक पर्यटन का आनंद उठाने के लिए प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। दुर्गम पहाडि?ों में सपीर्ले रास्तों पर इन पर्यटकों के वाहन, उच्चगति से चलने वाली गाडि?ां और पैदल चलने वाले यात्रियों से सडकों पर एक ऐसा विषम यातायात मिश्रण बनता है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। लापरवाह चालकों द्वारा



यातायात नियमों का उल्लंघन सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। सडक सुरक्षा राज्य सरकार की प्रमुख चिंता है और यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।हिमाचल सरकार द्वारा सडक सुरक्षा नीति अधिसूचित कर दी गई है और हिमाचल भारत का पहला राज्य है जहां सडक दुर्घटना डेटा प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया। इससे दुर्घटना संबंधित जानकारी एकत्रित करने और उसका वैज्ञानिक विश्लेषण करने में सहायता मिली है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।बेहतर यातायात व्यवस्था और सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन नये यातायात-पर्यटक पुलिस थाने स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये थाने बिलासपुरए मंडी और कुल्लू जिले में खोले जाएंगे। यह इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेट सिस्टम प्रत्येक थाने में स्थापित कंट्रोल रूप से संचालित किया जाएगा।इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम फोरलेन पर दुर्घटना आदि की स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के सुचारू संचालन और दुर्घटनाओं आदि की संभावनाओं को कम करने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्य पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इसके तहत आपातकालीन कॉल बॉक्स के साथ-साथ उच्च तकनीक वाले सीसीटीवी कैमरे, स्वचालित ट्रैफिक काउंटर-कम-क्लासीफ यर्स, व्हीकल ऐक्चुएटिड स्पीड डिस्प्लेस प्रदर्शन और ओवरहेड ड्राइवर फीडबैक सिस्टम, परिवर्तनीय यातायात संदेश चिन्ह वेरयेबल मैसेज साईन, वीडियो घटना का पता लगाने वाली प्रणाली और मेट डिवाइस भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा टोल प्लाजा पर कमांड और नियंत्रण केंद्र तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऑप्टिक फाइबर के माध्यम से कनेक्टिविटी भी स्थापित की जा रही है।राज्य सरकार की यह नवीन पहलें हिमाचल प्रदेश में यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुखद बनाने में मददगार साबित होंगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**▶▶ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर देश भर में उन्हें याद किया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर देश भर में उन्हें याद किया जा रहा है। गांधी भवन मंडी में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रही चंपा ठाकुर ने बताया कि 21 मई, 1991 को एक आत्मघाती बम धमाके में भारत रत्न राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की



राजनीतिक विरासत को संभाला, बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। शिक्षा क्षेत्र में कंप्यूटरीकरण को लाने और पंचायती राज में महिलाओं को आगे लाने में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान है। देश को आगे ले जाने में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आज सभी कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ भी ली।

## बसदेहड़ा स्कूल में जसप्रीत ने हासिल किए 92.2 प्रतिशत अंक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा का परिणाम सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य राजिंद्र माहल ने बताया कि कक्षा के नॉन मेडिकल में जसप्रीत सिंह ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। हरजीत कौर ने 86.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व तरूणदीप सिंह ने 85.8 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी के साथ कॉमर्स कक्षा से कुनाल ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# 30 को मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे, जनसंपर्क से जन समर्थन जुटाएंगे: अनुराग

**▶▶ कांग्रेस ने सदैव बाबासाहेब का अपमान किया, मोदी ने सम्मान दिया: अनुराग ठाकुर**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, विधायक सतपाल सत्ती व अन्य गणमान्यों के साथ ऊना जिले की पार्टी कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक में पदाधिकारियों को सम्बोधित किया व हिमाचल प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष राजीव बिंदल व



संगठन महामंत्री सिद्धार्थन का स्वागत अभिनंदन किया।इस दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए ठाकुर ने कहा मोदी सरकार के 9 वर्ष आने वाले 30 मई को पूरे होने वाले हैं। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी जनसंपर्क के द्वारा जन समर्थन जुटा रही है। अगले 1 माह में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी अध्यक्ष सभी कार्यकताओं को देंगे। हमारे उना से विधायक सतपाल सत्ती पिछले 9 वर्षों से प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इनका भी मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा। हमारे नए संगठन मंत्री सिद्धार्थन का भी आज पहली बार उना आगमन हुआ है। हम उनका भी स्वागत और अभिनंदन करते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा मोदी है तो मुमकिन है यह बात आज हर देशवासी महसूस करता है। अगर 9 वर्षों में हम इतना आगे पहुंच सकते हैं तो सोचिए अगले 5 वर्षों में देश और हिमाचल कहां तक जा सकता हूं। उन्होंने कहा अगले 2 वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं तो सोचिए 5 वर्षों बाद क्या होगा। आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा जिन लोगों ने अपनी पूरी उम्र नफरत के अलावा देश को कुछ नहीं दिया, भाई- भतीजावाद और देश को बांटो और राज करो की रणनीति पर चलाने वाले लोगों के मुंह से मोहब्बत की बात शोभा नहीं देती। कांग्रेस ने सदैव तुष्टीकरण की राजनीति की है और उस के बल पर ही वोट लिया है। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस आज भी लोगों के बीच कोई बड़ी बात लेकर नहीं जा पाती है। देश पर 60-65 वर्षों तक राज करने के बाद भी वे आज रेवड़ीयों की बात करते हैं। 2019 के आम चुनावों से पहले भी कांग्रेस कुछ राज्यों में जीती थी पर 2019 में क्या हुआ वह आप सब ने देखा है।

## संक्षिप्त खबरें

### फारेस्ट क्लीयरेंस के मामलों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करें विभाग: सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने वन विभाग के साथ अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विकास परियोजनाओं के फ रिस्ट क्लीयरेंस के मामलों



पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करें और इनका समय पर निपटारा सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने वन विभाग को सभी सम्बन्धित विभागों से आवश्यक तालमेल बनाने और उचित सहयोग देने के निर्देश भी दिए।उपायुक्त आज शनिवार को नाहन में सिरमौर जिला में विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं के लिए फारेस्ट सम्बन्धी मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि सभी विभाग फारेस्ट क्लीयरेंस सम्बन्धी मामलों में जो भी आब्जर्वेशन नोडल अधिकारी द्वारा लगाये जाते है उन्हें समयबद्ध ढंग से निपटायें ताकि किसी भी विकास परियोजना में विलंब न हो। सुमित खिमटा ने कहा कि जिला में विभिन्न सडकों, पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं, सरकारी भवनों, बीएसएनल टावर व अन्य विकास कार्यों से सम्बन्धित फोरेस्ट क्लीयरेंस के जितने भी मामले प्रोसेस में हैं शीघ्र ही इनको अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि कुछ मामले ऐसे भी हैं जिन्हें विभाग अथवा यूजर एजेंसी तकनीकी कारणों से विड्रा करना चाहती है, ऐसे मामलों को तुरंत विड्रा किया जाये और जहां जरूरी हो नये केस उसके स्थान पर बनायें जाएं। वन मंडल अधिकारी मुख्यालय नाहन राम पाल ने बैठक में फारेस्ट क्लीयरेंस सम्बन्धी मामलों को विस्तार से रखा और पिछली बैठक में लिए गए निणर्यों से अवगत करवाया।

### विष्णु गांव में 28 मई को होगा विशाल दंगल का आयोजन :धनी राम

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बैरी से तीन किलोमीटर आगे शिमला-नवगांव रोड पर स्थित विष्णु गांव में 28 मई को विशाल दंगल का आयोजन होगा। लखदाता दंगल कमेटी विष्णु के प्रधान धनी राम ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई शाम को सवाल यानि लखदाता पीर की पूजा अर्चना व पहलवानो और लोगों में प्रसाद वितरण होगा। छिंज आयोजन की तैयारी को लेकर लखदाता दंगल कमेटी विष्णु की बैठक कमेटी के प्रधान धनी राम ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 27 मई को विशाल दंगल के आयोजन पर सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति बनी। दंगल के पूर्व 27 मई को प्रदेश के पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। छिंज में माली पर राज्य व स्थानीय प्रतिभागी विजेता पहलवान का ही हक होगा और छोटी माली जिले एवं स्थानीय विजेता पहलवान को दी जाएगी। बड़ी माली और छोटी माली में विजेता व उप विजेता पहलवानों को उचित रुपए की नगद राशि व गुर्ज बतौर इनाम दिया जाएगा।

### सलोह में नशीली दवाईयां सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस चौकी पंडोगा के तहत ट्रिपल आईटी सलोह के समीप स्कूटी सवार दो युवको को नशीली दवाईयों संग काबू किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस शनिवार शाम को ट्रिपल आईटी सलोह के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को देख स्कूटी सवार युवक भागने लगे, जिसे शक के आधार पर कुछ दूरी पर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवकों से 248 पाइवोन स्पास कैप्सूल बरामद किए गए। प्रतिबंधित दवाई रखने पर पुलिस ने स्कूटी चालक राजेश कुमार निवासी लोअर सलोह व रणजीत कुमार निवासी बीबीएमबी कलोनी निवासी नंगल को काबू किया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परमात्मा की कृपा से ही सब होता है, उनकी अनुमति के बगैर पत्ता भी नहीं हिलता: पंडित राम कृष्ण भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
बस्ताला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा आज रविवार को पूणार्हुति के साथ सम्पन हो गई।कथा प्रवचन करते हुए वृंदावन दीक्षित पंडित राम कृष्ण भारद्वाज कहते हैं कि परमात्मा की कृपा से ही सब होता है।उनकी अनुमति के बगैर पत्ता भी नहीं हिलता।भगवान समदर्शी हैं।सबको एक नजर से देखते हैं।उनकी नज? में कोई अमीर गरीब नहीं है। श्रीमद्भागवत कथा का उद्देश्य ही परमात्मा के ज्ञान, आत्मा के ज्ञान और सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट करना है।

गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। इसके माध्यम से भगवान ने कहा है कि चरित्र कमल पुष्प समान संसार में रहकर और श्रेष्ठ कर्मों से बनेगा न कि घर.बार छोड? और कर्म संन्यास क्रियाएं करने से। गीता का उपदेश है कि हर व्यक्ति को कर्म में विश्वास करना चाहिए क्योंकि ये जगत ही कर्मलोक है। कर्म आपके हाथ में है, परिणाम नहीं। इसलिए कर्म पर ध्यान लगाएं। कर्म के अनुरूप परिणाम तय है। श्रीमद्भगवत गीता में श्री कृष्ण कहते हैं कि भगवान उपासना केवल शरीर से ही नहीं बल्कि मन से भी करना चाहिए। ईश्वर का



वंदन मनुष्य को प्रेम-बंधन में बांधता है। इसलिए मनुष्य को हमेशा भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। पंडित राम कृष्ण भारद्वाज कहते हैं कि जब सुदामा दीन-हीन अवस्था में कृष्ण के पास पहुँचे तो कृष्ण उन्हे देखकर व्यथित हो उठे। उनकी फटी हुई एडि?ँ व काँटे चुभे पैरों की हालत उनसे देखी न गई। परात में जो जल सुदामा के चरण धोने हेतु मँगवाया गया था उसे कृष्ण ने हाथ न लगाया। अपने आँसुओं के जल से ही उनके पाँव धो डाले। कृष्ण ने खुद ही सुदामा से वो पोटली ले ली जो सुदाम की पत्नी सुशीला ने श्री कृष्ण को भेजी थी और उसमें रखे चावल खाने लगेण इसके बदले भगवान से कृष्ण ने सुदामा को एक लोक की संपत्ति भेंट की।इसलिए कहा है कि भगवान की नजर में अमीर गरीब सब एक है।कथा के समापन पर यजमान हरी राम शर्मा द्वारा एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## जमा दो के पणिाम में छाए स्वदेश मैमोरियल के बच्चें

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 12वीं के नतीजों में स्वदेश मैमोरियल विवेकानंद सीनियर सकेंडरी स्कूल जखेड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत वत्स ने बताया कि साईस संकाय में नीतिका ने 92.4 प्रतिशत, शिवांश शर्मा ने 90.8 प्रतिशत, अर्पित कुमार ने 90.4 प्रतिशत, सोहानी ने 89.8 89.8 प्रतिशत, अरनव कालिया ने 89.2 प्रतिशत, उदय ने 88 प्रतिशत, सुनैना ने 87.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा शिवांश ने 87.2, सानिया ठाकुर ने 85.8, इशिता शुक्ला ने 85.6, सुशांत ने 85 अंक प्राप्त किए।

# विक्रमादित्य ने की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
लोकनिर्माण तथा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग मन्त्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मिनी सचिवालय बंजार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की स्थिति की रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के विकास पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है अतः अधिकारी गण अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निष्पादन करें जिससे कि विकासकार्यों का अधिक से अधिक फायदा जनता को मिले।

उन्होंने कहा कि हर जिले में उपायुक्त को एफसीए के लिए नोडल एजेंसी के रुप में जिम्मेदारी



दी है ताकि कार्यों में देरी न हो।उन्होंने निर्देश दिये कि विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाएं। प्रत्येक तीन महीने में इस कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में पूर्व मंत्री खिमी राम शर्मा, जिलाध्यक्ष सेस राम आजाद, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत ठाकुर,एसडीएम हेम चंद वर्मा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी राजीव शर्मा, व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडी के हनुमानघाट में पंचतत्व में विलीन हुए हेमकांत कात्यायन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हेमकांत कात्यायन का अंतिम संस्कार रविवार को मंडी के हुनमानघाट में किया गया। उनके बेटे सिद्धार्थ कात्यायन ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। वरिष्ठ पत्रकार हेमकांत कात्यायन का देहांत शुक्रवार रात को हृदयगति रूकने से हुआ था। उनका बेटा सिद्धार्थ मुंबई में होने की वजह से शनिवार को उनका अंतिम संस्कार नहीं हो पाया। उनके बेटे के शनिवार रात मंडी पहुंचने के बाद ही उनका अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया शुरू हो पाई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने हेमकांत कात्यायन के शव को कमरे से बारहर ले



जातने से पर्वू उनकी पत्नी निर्मला कात्यायन को कहा कि हम अब अपने दोस्त को ले जा रहे हैं। इतना ही साथ था हमारा। इस पर निर्मला कात्यायन ने कहा कि मैं भी श्मशान तक छोडने.जाऊंगीए रूढियों को तोड़ा जाना चाहिए। वह उनकी शवयात्रा में शामिल होकर हुनमान घाट तक गई और अपने पति की अंतिम विदाई को अपनी आंखों से देखा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के अलावा मीडिया से उनके सहयोगी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष दीनू कश्यप, ब्राहम्णसभा के डा. ओमराज शर्मा, धर्म संघ भूतनाथ मंदिर के प्रधान बीसी सरोच, हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नालिस्ट के प्रदेशाध्यक्ष बीरबल शर्मा, प्रेस क्लब मंडी के अध्यक्ष मुरारी शर्मा, महासचिव हंसराज सैनी, उपाध्यक्ष अमन अग्रिहोत्री, दीपेंद्र मांटा, अंकुश सूद, पुरूषोत्म शर्मा, खेमचंद शास्त्री, सुभाष ठाकुर, यशराज, राजेश पुंछी, विनोद राणा, युगल, धर्मपाल सरोच के अलावा कई गणमान्य लोगों ने हेमकांत कात्यायन को अंतिम विदाई दी।

# केलांग में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक विधायक रवि ठाकुर अध्यक्ष परियोजना सलाहकार समिति जिला लाहौल स्पीति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। परियोजना सलाहकार समिति की बैठक में जनजातीय उपयोजना के तहत जिला के विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक कार्यों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने को लेकर अध्यक्ष परियोजना सलाहकार समिति विधायक रवि ठाकुर ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा की लाहौल व उदयपुर



उपमंडल के विकासात्मक कार्यों पर इस वित्तीय वर्ष में 54 करोड 24 लाख की धन राशि व्यय की जा रही है जिससे लाहौल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। बैठक में उन्होंने विभाग बार विकासात्मक कार्यों की भी समीक्षा की और यह भी कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियां होने के कारण विकासात्मक कार्यों में अधिकारी व कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से भी गुणात्मक कार्यों की ओर विशेष प्राथमिकता रखें,ताकि लोगों को प्रदेश सरकार व केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। विभाग बार विकास कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा करते हैं उन्होंने कहा कि अधिकारी सडक बिजलीए पानीए शिक्षाए स्वास्थ्य कृषिए उद्यान व पशुपालन व्यवसाय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के लिए प्राथमिकता रखें द्य इस बात पर बल देते हुए विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर विभागीय अधिकारी नई कार्य योजनाओं को भी जल्द तैयार करें ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके।उन्होंने कहा कि दालँग में नेचर पार्क के निर्माण को लेकर भी कार्य योजना को जल्द ही धरातल पर अमलीजामा पहनाया जा रहा है और इसके लिए दो करोड़ की धनराशि की भी व्यवस्था की गई है।विधायक रवि ठाकुर ने यह भी निर्देश जारी किए की जिला में पर्यटन व्यवसाय को और मजबूती प्रदान करने के लिए जिला के पर्यटक, धार्मिक स्थलों, संस्कृति और लजीज पकवानों पारंपरिक वेशभूषा, कलाकृतियों और कृषि, उद्यानिकी से जुड़े उत्पादों की भी जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से देसी व विदेशी सैलानियों को उपलब्ध कराने के लिए जल्द कारगर कदम उठाये जाएंगे।

विशेषकर जिला के अनछुए पर्यटक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर उजागर करने की भी बात कही, ताकि जिला में पर्यटन व्यवसाय के साथ अधिक से अधिक युवाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

# जबना चौहान ने छोड़ी आम आदमी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
देश की सबसे कम उम्र की सेलिब्रिटी पंचायत प्रधान रही एवं प्रदेश स्तरीय समाज सेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। भविष्य में जबना चौहान ने एनजीओ के माध्यम से ही समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का निर्णय लिया है।

जबना चौहान लंबे समय से समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। जिला मुख्यालय मंडी से कई वर्षों तक पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के उपरांत सन 2016 से 20 तक जबना



चौहान मंडी जिला की थरजून पंचायत की प्रधान रही। इस दौरान इन्हें देश की सबसे युवा प्रधान होने का गौरव प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने अपनी पंचायत में स्वच्छता तथा शराबबंदी को लेकर सराहनीय कार्य कर पूरे देश के सामने एक मिसाल पेश की। जबना चौहान ने 4 वर्ष पूर्व 2018 में प्रदेश स्तरीय समाज सेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की स्थापना की जिसके माध्यम से इन्होंने महिला सशक्तिकरण तथा नशे के खिलाफ कार्य कर सामाजिक सरोकार के कार्य में अपना योगदान दिया वही इन्होंने समाज की कई समस्याओं को सरकार व प्रशासन के समक्ष भी प्रभावी ढंग से उठाया। गत वर्ष 2022 में जबना चौहन ने आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर नाचन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। जबना चौहान ने कहा कि वे समाज के उत्थान के लिए अपनी एनजीओ ओरिएंटल फाउंडेशन के माध्यम से ही कार्य करेगी।

# भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान अकादमिक और बौद्धिक उत्कृष्टता का प्रतीक: शिव प्रताप शुक्ल

## भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान अकादमिक और बौद्धिक उत्कृष्टता का प्रतीक: शिव प्रताप शुक्ल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि किसी भी संस्थान की असली पहचान न तो उसका भवन होता है और न ही दीवारें, बल्कि उसकी वास्तविक पहचान सदैव उसकी कार्यशैली और उपलब्धियों से प्रदर्शित होती है। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस), शिमला ने शैक्षणिक और शोध उपलब्धियों से अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। संस्थान अकादमिक और बौद्धिक उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। राज्यपाल आज यहां ऐतिहासिक भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के शोधार्थियों (अध्येताओं एवं सह-अध्येताओं) को संबोधित कर रहे



थे।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व का यह संस्थान पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के भारत में ज्ञान और शोध की प्राचीन परंपरा को पुनर्स्थापित करने के स्वपन को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी भारतीयों को अपने देशपर गर्व करने का एक और अवसर प्रदान कर रहा है और लंबे समय से अंतःविषय अनुसंधान और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि यह नवाचार के लिए एक उत्प्रेरक रहा है और इसने हमारे देश के बौद्धिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान मूलतः मानविकी और सामाजिक विज्ञान में गहन सैद्धांतिक अनुसंधान के लिए समर्पित है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि संस्थान ने बौद्धिक जिज्ञासा और अकादमिक शोध की भावना को बढ़ावा दिया है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईएएस जैसे शोध संस्थान अनुसंधान को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्यशील हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अपनी व्यापक उद्यमशीलता के माध्यम से विभिन्न व्याख्यान शृंखलाओं, साप्ताहिक सेमिनारों और अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र के माध्यम से देश और दुनिया के प्रसिद्ध विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजन कर ज्ञान संचित किया है, जो किसी भी संस्थान के लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि लगभग दो लाख प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों से सुसज्जित संस्थान का पुस्तकालय एक बड़ी धरोहर है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्थान निरंतर अनुसंधान और शोध की संस्कृति को आगे बढ़ाता रहेगा। उन्होंने संस्थान के पुस्तकालय में भारतीय भाषाओं पर आधारित ग्रंथों के एक अलग संग्रह पर बल दिया।इससे पहले, राज्यपाल ने संस्थान द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों और केंद्रीय हिंदी निदेशालय की दो अन्य पुस्तकों का विमोचन भी किया।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिला चंबा ने झटके 2 पदक



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो बिलासपुर में 21 से 22 मई तक चल रही है उसमें 14 बच्चो ने भाग लिया। एक जानकारी देते हुए सचिव, जिला एथलेटिक्स संघ चम्बा उमेश चौणां ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पहले दिन 5000 मीटर पुरष वर्ग में शेर सिंह गांव मिंधल पांगी ने सिल्वर मेडल जीत कर अपने गांव व चंबा का नाम रोशन किया है। ओर निशांत जुलाखरी से 100 मीटर की दौड़ में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल जीत कर एथलेटिक्स संघ का नाम बढ़ाया है। लड़कियों की प्रतियोगिता अभी चल रही है। अभी सकारात्मक परिणाम आ सकते है। शोकत अली मालिक प्रधान, जिला एथलेटिक्स संघ चम्बा ने कहा हम जिला से धावकों को ढूंढने का प्रयास कर रहे है ओर जिला स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण भी देने का प्रयास कर रहे है। चयनित खिलाड़ी आगे राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे।

## विक्रमादित्य सिंह ने जिला स्तरीय बंजार मेला का किया समापन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

लोकनिर्माण तथा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग मन्त्री विक्रमादित्य सिंह ने बंजार के कला केंद्र में जिला स्तरीय पांच दिवसीय बंजार मेला का समापन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के द्योतक होने के साथ साथ इसके संरक्षक भी होते हैंए बंजार का मेला यहां के आराध्य देव शृंगाऋषि सहित इस क्षेत्र के समस्त देवताओं के मिलन का पर्व है।देवताओं का ये मिलन ही हमारे समाज में भी मेलजोल एवं भाईचारे का आधार बनकर हमें संस्कृति से जोड़े रखता है।उन्होंने कहा कि शृंगा ऋषि इस क्षेत्र के राज ऋषि के रूप में भी जाने जाते हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र की सैंज तथा बंजार घाटियां अपने आप में पर्यटन की असीम संभावनाओं को लिए हुए हैं तथा क्षेत्र के सडक सुविधाओं के साथ जुड? से ग्रामीण तथा सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने कहा कि हमें अपने लम्बे समय तक पर्यटन को समृद्ध करने के लिए साफ -सुथरे तथा सामुदायिक पर्यटन के मॉडल को विकसित करना होगा ताकि हमारा पर्यावरण को भी नुकसान न हो तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत भी समृद्ध बनी रहे।उन्होंने बंजार के भूतपूर्व कांग्रेस विधायक दिलाराम शवाब का भी इस घाटी के लिए अमूल्य योगदान के लिए जिक्र किया उन्होंने कहा कि हमें स्मरण रखना चाहिये कि बंजार में आज जो पर्यटन का विकास हो रहा है, यह उन्ही के बदौलत है, जिनके प्रयासों से तत्कालीन सरकार ने इस क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं को बनाने पर रोक लगा दी थी ताकि यहां की प्रकृति से छेड़छाड़ ना हो तथा पारिस्थितिकी को भी अक्षुण्ण रखा जाए जिससे भविष्य में साफ.सुथरे पर्यटन को विकसित किया जा सके। उन्होंने यहां पधारे हुए समस्त देव हारियान का भी देवसंस्कृति को बचाये रखने के लिए आभार जताया।उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले सभी महिलामण्डलों को 20 हजार की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की तथा मेला कमेटी को 50 हजार की घोषणा की।उन्होंने कहा कि बंजार क्षेत्र से भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह का भी बहुत स्नेहपूर्ण नाता रहा है तथा उन्होंने इस क्षेत्र के विभिन्न गांवों को अपने कदमों से अनेक बार नापा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा क्षेत्र सडकों से जुड़ रहा है प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार जन कल्याणकारी कार्यों को तत्परता से करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान औट.लुहरी राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तारीकरण के कार्य को गति देने का निवेदन किया भी किया है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी टनल के लिए डीपीआर बनाने तथा कंसल्टेंसी का कार्य चल रहा है।

## नकाबपोश युवक ने छीनी महिला के कान की बालियां

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत मकोगढ़ में नकाबपोश बाइक सवार युवक ने एक महिला के कान की बालिया छीन फरार हो गए हैं। मामले को लेकर पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रामजी दास निवासी दुलैहड़ ने बताया कि गत दिवस अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर पूबोवाल के लिए जा रहा था। इसी दौरान मकोडगढ़ के समीप पीछे से आई एक बाइक सवार नकाबपोश युवक ने पत्नी के कान की बाली छीन कर पूबोवाल की ओर फरार हो गए।

## इंददत्त लखनपाल ने तेलकर में किया जनसमस्याओं का निवारण

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने रविवार को ग्राम पंचायत जौड़े अंब के गांव तेलकर में लोगों की समस्याएं सुनीं और इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निवारण कर दिया। जबकि, अन्य जनसमस्याओं के निवारण के लिए भी उन्होंने अतिशीघ्र आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।इस अवसर पर इंद्र दत्त लखनपाल ने बताया कि वह बड़सर विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव से पूरी तरह परिचित हैं और प्रत्येक गांव की स्थानीय जरुरतों के अनुसार विभिन्न सुविधाओं, परियोजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुमुखी विकास और आम लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बजट की कोई कमी नहीं रख रही है।

विधायक ने सभी गांववासियों को विश्वास दिलाया कि जौड़े अंब पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों को चरणबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया जाएगा।इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान रजनी देवी और बीडीसी सदस्य पवन कुमार ने विधायक का स्वागत किया तथा पंचायत की कई मांगें उनके समक्ष रखीं। कार्यक्रम में पंचायत के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इससे पहले इंद्र दत्त लखनपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा देश के प्रति राजीव गांधी के योगदान का स्मरण किया। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि राजीव गांधी ने 21वीं सदी के भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में कंप्यूटरीकरण को बढ़ावा देने, पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने, मतदान की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए राजीव गांधी को आज भी याद किया जाता है।

## नशीली दवाओं की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने एक युवक को नशीली दवाओं की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। ये युवक नशीली दवाएं युवाओं को बेचने की फिराक में था। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार माजरा पुलिस थाना को सूचना मिली कि मिश्रवाला निवासी मुसम्मी कौशर पुत्र यासीन मिश्रवाला से माजरा की ओर सडक चूरक माजरी आम के बगीचे के साथ-साथ साइकिल पर सवार होकर नशीले कैप्सूल लेकर माजरा में कैप्सूल बेचने जा रहा है। यदि उसे रोककर उसके शरीर की तलाशी ली



जाए तो उसके शरीर से नशीले कैप्सूल बरामद हो सकते हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इंडियन टेक्नोमेक कंपनी के पीछे आम के बगीचे के साथ सडक पर पुलिया के पास देखा कि एक व्यक्ति साइकिल पर सवार होकर मिश्रवाला की तरफ से माजरा की ओर आया पुलिस को देख कर भागने लगा और हाथ में पकड़े बैग को फेंक दिया और भागने लगा जिसे काबू किया गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम कौशर पुत्र यासीन निवासी गांव मिश्रवाला तहसील पांवटा साहिब इसके बाद उसके द्वारा फेंके गए कैरी बैग को खोलकर चेक किया तो कैरी बैग के अन्दर से स्पास्मो प्रोक्सीवोन-बी के कुल 120 कैप्सूल पाए गए।

## 25 से 31 मई तक जिला में मनाया जाएगा कृमि रोग मुक्ति सप्ताह: अपूर्व देवगन



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि पूरे जिला में 25 मई से 31 मई तक राष्ट्रीय कृमि रोग मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।उपायुक्त आज राष्ट्रीय कृमि रोग मुक्ति सप्ताह के सफल आयोजन के लिए डिस्टिक टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि कृमि रोग मुक्ति सप्ताह में 1 से 19 वर्ष तक के लगभग 1ए65ए 962 बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवाई तथा पांच वर्ष तक की आयु के 43397 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसके अलावा 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली और 2 वर्ष से अधिक के बच्चों को पूरी गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों व नोडल अधिकारियों की देखरेख में उपयुक्त प्रक्रिया से खिलाने के निर्देश जारी किए।उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चे स्कूलों या आंगनवाड़ी केंद्रों में नहीं आते हैं उन बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दवाई खिलाने के लिए केंद्र तक ले आना आशा कार्यकर्ता द्वारा सुनिश्चित बनाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश दवाई खिलाने से छूट जाएंगे उन्हें 31 मई के दिन विशेष मोप .अप राउंड में यह दवाई दी जाएगी। उपायुक्त ने शिक्षाए स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों को केंद्रों पर आवश्यक उचित प्रबंध करने के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों अधिकारियों से बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। अपूर्व देवगन ने खंड चिकित्सा अधिकारियों को आंगनवाड़ी कार्यकताओं, आशा कार्यकताओं व नोडल नियुक्त किए गए शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन करने के निर्देश दिए ताकि अभियान को सफलतापूर्वक

## 23 मई को मनाली में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति :सुनील कालिया

टीम एक्शन इंडिया/राज अग्रवाल

मनाली उपमंडल मनाली-2 के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 23 मई, 2023 को 33 के वी प्रिणी पलचान फिडर उच ताप की लाईने को दुरुसत रखने हेतु बृक्षों की टहनियो का कटान व आवश्यक मुरम्मत की जानी है। अतः सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए पलचान, बुरुआ, बशिषट, बाहंग, गौशाल, सोलंग, शनाग, धुनधी, मढी कोठी साथ लगते एरिया मे विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक वाधित रहेगी।

## बांगरण पुल के पास बने वैकल्पिक मार्ग पर तीसरी बार वाहन पलटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उपमंडल के गिरिपार की 17 पंचायतों को जोडने वाले पुल की मुरम्मत कार्य की लेटलतीफी के कारण बने हुए वैकल्पिक मार्ग पर तीसरी बार वाहनों के पलटने का मामला सामने आया है। ताजा मामला आज सुबह सामने आया जब एक ट्रैक्टर चढ़ाई चढ़ते हुए पलट गया। गनीमत यह रही कि इसकी चपेट में कोई दो पहिया वाहन चालक, राहगीर नहीं आया अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। एक सप्ताह पूर्व यहां एक ट्रक खाई में गिर गया था। बार-बार हादसे होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी संज्ञान नही ले रहे हैं। संबंधित विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। मरम्मत कार्य में संबंधित विभाग व ठेकेदार की लापरवाही



और लेटलतीफी का खामियाजा क्षेत्र की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार गिरिपार क्षेत्र की डेढ़ दर्जन से अधिक पंचायतों को पांवटा साहिब शहर से जोड? वाले बांगरण पुल के मरम्मत का कार्य चला हुआ है। जिसके चलते नदी के रास्ते से यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। हालांकि वैकल्पिक मार्ग पर पुल के साथ लगती चढ़ाई पर ओवरलोड गाडि?ों तथा ट्रैक्टरों के चलने से मार्ग पर गड्ढे बने हुए हैं। शनिवार सुबह वैकल्पिक मार्ग पर पुल के साथ लगती घाटी को चढ़ते हुए एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सडक से नीचे लुढक गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। एक सप्ताह पूर्व यहां पर ट्रक अनियंत्रित होकर सडक से नीचे लुढक गया था। इससे पहले भी यहां पर एक अध्यापक की गाड़ी रोड से बाहर चली गई थी। इस मार्ग पर आए दिन हजारों की संख्या में छोटी बड़ी गाडि?ों का आना जाना लगा रहता है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गिरीपार क्षेत्र की डेढ़ दर्जन से अधिक पंचायतों के युवा बसों तथा अपने निजी वाहन से सरकारी कार्यालय तथा औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करने आते है। ठेकेदार व संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते शाम को यहां पर कई बार ट्रैक्टरों व ट्रकों के चलते लंबे-लंबे जाम लगे रहते है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र की जानकारी होने के बावजूद भी विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

मगर संबंधित विभाग फिर भी मूकदर्शक बना हुआ है।स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि पुल के मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए।

## इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा आयोजित किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय चंबा में स्थापित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की।जागरूकता गतिविधियों में विद्यार्थियों को सांप सीढ़ी व लूडो इत्यादि के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने और मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चंबा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत युवाओं को लोकतंत्र के प्रति



निष्ठा से कार्य करने और अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर गांव के लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने और मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार तैयार मतदाता फोटो पहचान पत्र एक विश्वसनीय दस्तावेज के रूप में मान्यता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मतदाता फोटो पहचान पत्र से केवल मतदान करने का अधिकार ही प्राप्त नहीं होता बल्कि यह किसी भी नागरिक की पहचान, सरकार द्वारा चलाई जा रही सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विधिमान्य दस्तावेज के रूप में भी स्वीकार किया जाता है। उन्होंने लोकतंत्र में युवाओं के महत्व पर बल देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवा शक्ति कर्णधार है लोकतंत्र में बहुमत को ही आधार माना जाता है। इसीलिए 18 से 25 वर्ष आयु के पात्र मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए देरी नहीं करनी चाहिए।

एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची में पंजीकरण एक अत्यंत सरल प्रक्रिया है। जिसके तहत कोइ भी नागरिक, सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) के कार्यालय में जाकर प्रारूप-6 भरकर, पासपोर्ट आकार की दो फ ोटो, जन्म प्रमाण पत्र व आवास प्रमाण पत्र सहित आवेदन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पात्र व्यक्ति आनलाइन माध्यम से भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते की वह 18 वर्ष से कम न हो। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा, सहायक प्रोफैसर अविनाश पाल, तहसीलदार (निर्वाचन) चम्बा प्रताप सिंह ठाकुर, निर्वाचन कानूनगो चम्बा सुनील शर्मा ने भी युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## पारिवारिक शांति के लिए श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

न्यू शिमला सेक्टर-1 स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में शुक्रवार 19 मई से प्रारम्भ हुई तीन दिन की श्री रामचरितमानस ग्रन्थ कथा की भक्तिमय और पवित्र वातावरण में आज पूणार्हुति हुई। तीसरे दिन की कथा शुरू होने से पहले आज की कथा की सेवा प्राप्त करने वाले यजमान भक्तों के द्वारा ठाकुरजी, रामचरितमानस ग्रन्थ एवं कथा का लाभ प्रदान कर रहे कथाव्यास संत का पूजन संपन्न हुआ। महानगर के गणमान्य नागरिकों को तीन दिन तक इस कथा का लाभ दिल्ली अक्षरधाम से पधारे संत पूज्य जयतीर्थ स्वामी प्रदान किया। आज की कथा में राम परिवार, रावण परिवार एवं वानर परिवार पर चर्चा हुई। श्रीराम के परिवार के सदस्यों ने एक दूसरे को समझाए सहनशीलता दिखाई, अनुकूल बने, अपनी मनमानी छोड़ी और क्षमा की भावना रखी इसीलिए उनके परिवार में एकता बनी रही। पारिवारिक शांति के लिए परमपूज्य प्रमुखस्वामी महाराज ने जो घर सभा का आदेश दिया है, उस पर भी कथा में प्रेरक चर्चा हुई। आज की कथा में दिल्ली अक्षरधाम के मुख्य कार्यकारी संत पूज्य मुनिवत्सल स्वामी भी विशेष रूप से पधारे। अंत में उन्होंने उपस्थित भक्तों को अपने प्रेरणा वचनों से लाभान्वित किया। इसके साथ ही तीन दिन की इस पावन रामकथा का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ।कथा की पूणार्हुति के पश्चात भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने आरती एवं महाप्रसाद का लाभ प्राप्त किया।

# नफरत फैलाने वालों के मुंह से अच्छी नहीं लगती मोहब्बत की बात

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर बड़ा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

भाजपा के ऊना स्थित कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने विशेष रूप से शिरकत की। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ तीनों दिग्गज नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकताओं से लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी की गतिविधियों से अवगत करवाया और कार्यकताओं को



अभी से चुनावों की तयारी में जुटते हुए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आहवान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा जीत का परचम फहराने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन हितैषी नीतियां आने वाले आम चुनाव में प्रमुख मुद्दा रहने वाली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक का ध्यान रखते हुए योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आने वाले एक माह तक भाजपा जनसम्पर्क और जनसमर्थन अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी के तहत राजीव बिंदल प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जिला ऊना के दौरे पर हैं और लोकसभा चुनाव को लेकर ही जन समर्थन और जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। वहीं राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में मोहब्बत की दुकान टैगलाइन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने देश को नफरत की आग में झुलसाया हो और लोगों को बांटने का काम किया हो उनके मुंह से मोहब्बत की बात अच्छी नहीं लगती।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को जातिवाद क्षेत्रवाद और भाई भतीजावाद में बांटकर राज करने का काम किया है। देशवासी कांग्रेस की विचारधारा से भलीभांति परिचित हैं। राहुल गांधी चुनाव जीतने के लिए जितने मर्जी शोशे छोड़ लें, वह कामयाब नहीं होने वाले। इस अवसर पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर व बलवीर चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**रक्तदान शिविर के बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों को फल वितरित किए**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा को हाथ बढ़ाए। रक्तदान शिविर के बाद युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों को फल भी वितरित किए। रक्तदान शिविर का आयोजन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव राणा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ऊना सदर के पूर्व



विधायक सतपाल रायजादा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विवेक शर्मा व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत राणा उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव राणा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को उन्नति का एक नया मार्ग दिखाया था। युवा कांग्रेस उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जन जन तक पहुंचाएगी और कांग्रेस की इस नेक विचारधारा का प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए ही युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी स्वयं पीड़ित मानवता की सेवा को सदैव आगे रहे हैं और उसी से शिक्षा लेते हुए युवा कांग्रेस इस सेवा कार्य को आगे बढ़ा रही है।

# ऊना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने याद किए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

**हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कोटला कलां स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान कार्यकताओं ने राजीव गांधी के



चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जनों ने देश के लिए राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए अनुकरणीय करार दिया। पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को संचार क्रांति से जोड़ा और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के जनक के रूप में उन्हें देश भर में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न केवल देश की आजादी के लिए अहम योगदान दिया, अपितु आजादी के बाद देश को अखंड बनाए रखने के लिए भी कांग्रेस के नेताओं ने बलिदान दिए हैं जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम प्रमुख हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस ने इस देश को सही दिशा दिखा सकती है और कांग्रेस आने वाले समय में एक बार फिर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने वाली है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र सहोड़, वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल भारद्वाज, बीडीसी चेयरमैन जसपाल भटोली, वरूण पुरी, अभिनव कुमार, रघु पुरी, प्रिंस मक्कड़, प्रदीप रत्न भारद्वाज, पंकज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बसदेहड़ा में सट्टा लगाते एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना मैहतपुर बसदेहड़ा के तहत बसदेहड़ा में पुलिस ने सट्टा लगाते हुए एक व्यक्ति को काबू किया है। जिससे पुलिस ने 13,105 रुपये की नगदी बरामद की है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस ने गश्त के दौरान बलजिंद्र सिंह निवासी नैहरी खालसा को सट्टा लगाते हुए काबू किया। जिससे काफी मात्रा में नगदी हासिल की है। एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने बलजिंद्र सिंह के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुण्यतिथि पर छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक पर राजीव गांधी को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक पर आंतकवाद विरोधी दिवस मनाया गया और पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ धनि राम शांडिल, लोक निर्माण एवं युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सांसद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, विधायक कुलदीप सिंह राठौर व हरीश जनारथा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन भी प्रस्तुत किये गए।

### बाथड़ी में सभ्याचार धार्मिक मेला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल हरोली के तहत बाथड़ी स्थित बाबा सिद्ध चानो वली जी महाराज डेरा छपडी में शनिवार रात्रि को सभ्याचार धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। मेले की अगुवाई भगत सतपाल सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा से की गई, जिसमें हाथी, घोड़े व ऊंठ आकर्षित का केंद्र बने रहे। शोभायात्रा डेरा छपड़ी वाले बाथड़ी से भंगलां, पिपली से वापिस डेरे में पहुंची। रात्रि को मूल डलेवालिए ने बाबा सिद्ध चानो का धार्मिक कार्यक्रम किया गया और अलग अलग झांकिया निकाली गई।

इस दौरान समस्त गांव वासियों व माल जान की सुरक्षा के लिए अरदास की गई । इस धार्मिक समागम मैं हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर बाबा जी का आशीर्वाद लिया। धार्मिक कार्यक्रम में अवतार मुसाफिर व सतनाम सागर ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बाबा कुलदीप हरमां नैनमां वाले, धर्मा बाबा जखेड़े वाले, पूर्व जिला परिषद अनूप राणा, अधिवक्ता आस्था अग्निहोत्री भी इस धार्मिक कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंची और बाबा जी का आशीर्वाद लिया।

# भारत को आईटी क्षेत्र में उच्च शिखर पर पहुंचाने में स्व. राजीव गांधी की भूमिका सर्वोपरिः डॉ. शांडिल



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और समावेशी विकास के लिए सभी स्तरों पर आतंकवाद का विरोध किया जाना चाहिए। डॉ. शांडिल रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सोलन जिला के चायल में आतंकवाद विरोधी दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।इसके उपरांत डॉ. शांडिल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्व. राजीव गांधी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।उन्होंने कहा कि आतंकवाद की विनाशकारी प्रकृति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सद्भाव, भाईचारे, शांति, एकता और मानवता की विशेषता वाले समाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश में स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हम सभी को स्मरण करवाता है कि आतंकवाद का न केवल विरोध किया जाना चाहिए अपितु डटकर इसका मुकाबला किया जाना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस कार्यक्रम मनाया जाता है जिसका उद्देश्य देश के भीतर सभी प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों का दृढ़ता से विरोध और निंदा करना है। आतंकवाद की प्रदूषित सोच के कारण देश ने एक युवा और प्रभावशाली प्रधानमंत्री को खो दिया।स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी दूरदर्शी सोच और ऊजार्वान नेतृत्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी को देश में सूचना प्रौद्योगिकी का जनक कहा जाता है। उनके अथक प्रयासों से ही आज देश सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च शिखर को प्राप्त कर पाया है।

## बनगढ़ में चिट्टे सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना मैहतपुर बसदेहड़ा के तहत बनगढ़ में पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टे संग काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस शनिवार शाम को बनगढ़ में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर दविंद्र राणा निवासी मैहतपुर बसदेहड़ा की तलाशी ली, जिससे 3.30 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने दविंद्र राणा के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मतोह में पीएनबी ग्रामीण रोजगार शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के सोलहसिंगी धार के मतोह गांव में पीएनबी ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार एवं आत्म निर्भर बनने के गुर सिखाए गए। शिविर के समापन पर कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुटटो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी के संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया गया कि 18 से 45 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओं को पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध



करवाई जाती है। विधायक भुटटो ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए चलाई गई आत्म निर्भर बनाने की हर योजना को गांवो तक पहुंचाकर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाया जाएगा, ताकि उनकी आर्थिकी ओर ज्यादा मजबूत हो सके। इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान शकुंतला देवी, सचिव पूनम शर्मा, मोनिका कुमारी, ग्राम पंचायत प्रधान सुनील कुमार, वार्ड पंच कुसुम लता, सेवानिवृत्त सूबेदार कुलवंत सिंह, प्रशिक्षक सुरभि शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एसडीएम चंबा की अध्यक्षता में धार्मिक समुदायों के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता विभिन्न धार्मिक समुदायों के बुद्धिजीवियों के साथ धार्मिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिन्दू-मुस्लिम समुदायों से सम्बंधित बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

बैठक में चुराह में समुदाय विशेष की आस्था को ठेस पहुँचाने वाली घटना पर विस्तृत रूप से चर्चा की। चर्चा के दौरान मुस्लिम समुदाय के बुद्धिजीवियों ने जोर देकर कहा कि धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए एवं सामाजिक तौर



पर उनका बहिष्कार करना चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा घटित ना हो।दोनों समुदायों के लोगो द्वारा निर्णय लिया गया कि वह आपस में बैठकर शांतिपूर्वक तरीके से बचत भवन चम्बा में बैठक का आयोजन करेंगे।इसके अतिरिक्त दोनों समुदायों के लोगों ने प्रशासन से आग्रह भी किया कि जिला में बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों और उनके साथ कितने पशु चम्बा की धारों में लाए जा रहे हैं। उसकी भी शिनाख्त की जाए ताकि प्राकृतिक सौंदर्य को नुक्सान से बचाया जा सके।

बैठक में मुख्य तौर पर विश्व हिंदू परिषद के राज्य अध्यक्ष डा. केशव, संयोजक बजरंगदल चंबा रवि भारद्वाज, लतीफ मोहम्मद अधिवक्ता, सूर्या बीपी सिंह अधिवक्ता, हसनदीन, शामउन, कासमदीन उपस्थित रहे।

Annexure-B

**Government of Himachal Pradesh**
**Jal Shakti Vibhag**
**"Notice Inviting Tender"**

***The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Paonta Sahib* invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through offline process: -**

**JOB No. 1**

**Name of Work:-** Augmentation and Improvement of LWSS Majra, Misserwala, Pandooni, Sainwala & Kolar Panchayat in Tehsil Paonta Sahib Distt. Sirmour (HP) (SH:- C/O Pump House) at Majra (Misserwala R.B.C.).

**Estimated Cost: -** ` 1,90,358/-

**Earnest Money: -** ` 3,810/-

**Cost of Tender Form: -** ` 250/-

**Time of completion: -** Three (3) Months

The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the website www.hpiph.org or from office of above Executive Engineer up to date specified above.

RO No. 0750/2023-2024

-sd-
Executive Engineer
Jal Sahkti Division
Paonta Sahib (HP)

Annexure-B

Government of Himachal Pradesh
Jal Shakti Vibhag
"Notice Inviting Tender"

The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Paonta Sahib invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through offline process: -

JOB No. 1

Name of Work:- Augmentation and Improvement of LWSS Majra, Misserwala, Pandooni, Sainwala & Kolar Panchayat in Tehsil Paonta Sahib Distt. Sirmour (HP) (SH:- C/O Pump House) at Majra (Misserwala R.B.C.).

Estimated Cost: - ` 1,90,358/-

Earnest Money: - ` 3,810/-

Cost of Tender Form: - ` 250/-

Time of completion: - Three (3) Months

The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the website www.hpiph.org or from office of above Executive Engineer up to date specified above.

RO No. 0750/2023-2024

-sd-
Executive Engineer
Jal Sahkti Division
Paonta Sahib (HP)

# जिला युवा कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि

राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए दी है शहादतःआशीष ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जिला युवा कांग्रेस ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि इंदिरा भवन बिलासपुर मनाई। इस मौके पर युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने राजीव गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्षक युवा कांग्रेस आशीष ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 मई को भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया जाता है, जो दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को



श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिनकी आतंकवादी हमले में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए शहादत दी है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी कंप्यूटर क्रांति के मसीहा है। उन्होंने देश में संचार क्रांति लाई पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महिला सशक्तिकरण में भी उनका अभूतपूर्व योगदान रहा है। आशीष ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ने मतदान करने की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष कर दी। उन्होंने हमेशा युवाओं को आगे बढ? में एक अहम भूमिका निभाई है। आशीष ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी को देश कभी भूला नही पायेगा।इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस महासचिव पंकज ठाकुर, जिला युंका महासचिव कमल किशोर, जिला युंका सचिव अनिल कश्यप, सदर युवा कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सन्धु, झंडूता युंका अध्यक्ष कपिल गौतम, घुमारवीं युंका अध्यक्ष राहुल ठाकुर, अधिवक्ता रोहित शर्मा, सदर युंका महासचिव पवन कुमार, शहरी युंका अध्यक्ष वसीम मूसा, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष ऋतिक सोनी, कर्ण व अन्य युवा उपस्थित रहे

## न्यूज फ्लैश

### 1.25 लाख के इनामी को मुठभेड़ में पकड़ा

**मथुरा।** इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश पर यूपी पुलिस की ओर से एक लाख और राजस्थान पुलिस की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त अन्तर्राज्यीय गैंग का सदस्य बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष अजय वर्मा के मुताबिक अभियुक्त रोहतास गुर्जर पुत्र भगवान सिंह निवासी परखम गुर्जर थाना जैत को मुठभेड के दौरान राल रोड पेलखू मोड नगला नेता के पास से गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल .32 बोर व 11 कारतूस .32 बोर (04 खोखा व 07 जिन्दा), एक चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर बरामद हुई है।

### चोरी के तीन ट्रैक्टर बरामद, तीन पकडे

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने तीन ट्रैक्टर चोर को तीन चोरी के ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक हरीराम पुत्र बाबू निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन, गौरव पुत्र प्रकाश निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन तथा हरिश्चंद्र पुत्र हन्नो यादव निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन को कस्बा अडींग थाना गोवर्धन से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से ट्रैक्टर फार्मट्रेक 45 रंग नीला, ट्रैक्टर स्वराज 735 रंग नीला, ट्रैक्टर स्वराज 735 रंग नीला चेसिस, तीनों ट्रैक्टरों के कूटरचित दस्तावेज व विक्री नामा बरामद हुए हैं। इनके पास से तीनों ट्रैक्टर के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, सेल लेटर भी इनके पास से मिले हैं। अभियुक्त दाताराम पुत्र कुन्दन सिंह निवासी अडींग थाना गोवर्धन चोरी के ट्रैक्टर लाकर फर्जी रजिस्ट्रेशन, प्रमाण पत्र तैयार कराकर गांव के लोगों को सस्ते दामों पर बेचता था। दाताराम व उसके साथियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### पूर्व सैनिक आश्रित, शहीद वीर नारियां प्रशिक्षण प्राप्त करने को 25 मई तक करें आवेदन

**मथुरा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद मथुरा के समस्त पूर्व सैनिक आश्रितों ६ शहीद वीर नारियों को सूचित किया है कि निदेशालय, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व सैनिक आश्रितों ध्शहीद वीर नारियों को 480 घंटे का इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी प्रशिक्षण, 30 दिन का एसएसबी कोचिंग, 300 घंटे का कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग एवं 180 घंटे का टेली प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पूर्व सैनिक आश्रितों ६ शहीद वीरनारियाँ अपने बायोडाटा, डिस्चार्ज बुक व शिक्षा प्रमाण पत्र के साथ 25 मई तक जिला सैनिक कल्याण एवम् पुनर्वास कार्यालय मथुरा में जमा कराएं।

### चोरी की घटना का आरोपी पकडा

**मथुरा।** चोरी की घटना में बरसाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना प्रमोद पवार के मुताबिक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अनिल उर्फ भोला पुत्र भरतो उर्फ भरत सिंह निवासी डूंगर वाली गली कस्बा व थाना बरसाना शातिर अपराधी इसके पास से एक हैण्ड पर्स, मोबाइल फोन व 7000 रुपये बरामद हुए हैं। कब्जे से एक तमंचा .12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपित को राधा बाग के पास ऊंचा गांव रोड कस्बा व थाना बरसाना से गिरफ्तार किया गया।

### गुरुदेव आश्रम पर पांच दिवसीय मेला का समापन



**मथुरा।** बाई पास स्थित जयगुरुदेव आश्रम में विख्यात संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के ग्यारहवें वार्षिक भंडारा सत्संग मेला का समापन हुआ। श्रद्धालु अपने घरों को लौटने लगे हैं। पुन: आगामी एक से पांच जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रात:काल राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवात्मा के कल्याण के लिये सच्चे सत्गुरु का मिलना आवश्यक है और ये गुरु तथा इनका ज्ञान वो किसी किताब या अन्य सांसारिक जगहों पर नहीं मिल सकता। समर्थ सद्गुरु अपनी दया मेहर से जीवों पर लदे करोड़ों जन्मों के बुरे कर्मों को जला कर जीवों को भवसागर से उबार लेते हैं। संत महात्मा किसी का घर परिवार और काम धंधा नहीं छुड़वाते है। मेहनत ईमानदारी से सभी कामों को करते हुए चौबीस घण्टे में से एक घण्टा सुरत शब्द की साधना कर अपनी जीवात्मा को जगाने का काम करने के लिए कहते है।

# वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिर ने श्रद्धालुओं के पहनावे पर जारी की अपील

## वृंदावन के राधा दामोदर मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए चस्पा की नसीहत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**
ब्रज में धार्मिक पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस का असर दिखने लगा है। प्रमुख आयोजनों और वीक एण्ड पर वृंदावन सहित दूसरे प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड बढ जाती है। वृंदावन में तो श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को नियमित रूप से ट्रैफिक प्लान लागू करना पडता है। दूसरी ओर धार्मिक पर्यटन की अवधारणा से धर्म नगरी में कुछ असहजता भी बढ़ रही है। यही वजह है कि वृंदावन के प्राचीन एवं प्रसिद्ध सप्त देवालयों में से एक प्रसिद्ध मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के पहनावे के लेकर मंदिर प्रबंधन को अपील जारी करनी पडी है। प्राचीन राधा दामोदर मंदिर में श्रद्धालुओं को पोस्टर चस्पा कर मर्यादित कपड़ों में आने की हिदायत दी गई है। अपने इस निर्णय को लेकर सप्त देवालयों में से एक राधा दामोदर इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर के अंदर एवं बाहर जगह जगह पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं जिन पर श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पूर्व मर्यादित वस्त्र पहनने की हिदायत दी गई है। मंदिर प्रबंधन द्वारा जींस, टीशर्ट, स्कर्ट, मिनी जैसे अमर्यादित वस्त्र पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। मंदिर के सेवायत के अनुसार देखने में आया है कि भारतीय अध्यात्म पर पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। जिसका खामियाजा कहीं न कहीं आने वाली पीढ़ियों को चुकाना होगा। इसी कारण मंदिर प्रबंधन द्वारा लोगों को उनके परिधान एवं वेशभूषा को सुधारने की नसीहत दी गई है। इससे पूर्व उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भी इस तरह के पोस्टर लगाए जा चुके हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि अभी यह पोस्टर मात्र लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन लाने के प्रयास में लगाए गए हैं और अभी मंदिर में प्रवेश से किसी को रोका नहीं जा रहा है।




## बांके बिहारी मंदिर में महिला सुरक्षाकर्मियों में हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में आए दिनों हाथापाई की खबरें सामने आती ही रहती हैं। आए दोनों देखा जाता है, कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी बदसलूकी और मारपीट कर देते हैं। जिसकी वीडियो कई बार सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई है। जिसको लेकर ब्रज वासियों के द्वारा हमेशा आलोचना की जाती है। मंदिर प्रबंधन की अनदेखी के चलते सुरक्षा कर्मियों का यह व्यवहार अब आम बात है। वही विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मी एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई है। जिसमें दिखाया जा रहा है, कि मंदिर में श्रद्धालुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले सुरक्षाकर्मी ही श्रद्धालुओं के सामने एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे हैं।

## मंडलायुक्त बोले प्लान बनाकर फेज में कार्य करें



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** रविवार को मंडलायुक्त आगरा अमित गुप्ता, जिलाधिकारी पुलकित खरे तथा नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन अनुनय झा ने परिक्रमा मार्ग पर राजपुर खादर में सीवर लाइन पर चल रहे कार्यों का पुनः जायजा लिया। परिक्रमा मार्ग पर राजपुर खादर के पास यूडीएसआईआईएमटी कार्यक्रम के तहत बिछाए गए सीवर के प्रतिस्थापन की परियोजना को 23 दिसम्बर .2021 को स्वीकृति दी गई थी। सीवर लाइन का प्रतिस्थापन 500 मिमी से 600 मिमी व्यास है जो 1420 मीटर में होगा तथा 40 मैनहोल बनाए जाएंगे। सीवर लाइन के कुल प्रस्तावित प्रतिस्थापन में से लगभग परिक्रमा मार्ग पर 1220 मीटर को बदला जाना है।

## अवैध खनन में लगे छह ट्रैक्टर ट्राली, एक मशीन जब्त की

**मथुरा।** अवैध खनन में लगे छह ट्रैक्टर और ट्राली को सीज किया गया है। रविवार को थाना कोसीकला और बरसाना में पुलिस ने कार्यवाही की। थाना बरसाना पुलिस ने मिट्टी के अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर, दो ट्रॉली व एक मिट्टी खोदने की मशीन को सीज कर खनन अधिनियम में कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना प्रमोद पवांर ने बताया कि रविवार को गांव डाहरौली मे मिट्टी खनन की सूचना पर यह कार्यवाही की गई। ग्राम डाहरौली से दो ट्रैक्टर स्वराज जिनमें ट्राली लगी हुई थी तथा एक ट्रैक्टर सोनालिका जिस पर नम्बर प्लेट नहीं थी को सीज किया गया है। एक मिट्टी खोदने की मशीन को भी कब्जे में लिया गया है। इस मशीन से मिट्टी खनन कर ट्रालियों में मिट्टी डाली जा रही थी।

## 'सोनीपत महिला मोर्चा को सब से मजबूत बनाएंगी'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी सोनीपत महिला मोर्चा की बैठक में पहुंची। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कविता जैन भी मौजूद रही। महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने कहा की जब से सोनीपत की महिला अध्यक्ष इंदु वलेचा बनी हैं जब से सोनीपत की अनेक महिला भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रही है और उसके अंतर्गत आज भी बहुत महिलाओ ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी और मोदी सरकार को तीसरी बार लाने में महिलाओं का अहम योगदान होगा। इंदु वलेचा ने कहा की अब सोनीपत महिला मोर्चा को सब से मजबूत बनाएगी और आने वाले चुनाव 2024 मे सबसे जायदा योगदान महिलाओ का रहेगा अब उनका हर बूथ पर 100महिलाओं को जोड़ने का अभियान रहेगा। आज जिन महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करी उनमे दीपा जिंदल, हन्नी, पूजा, पिंकी शर्मा, बबली, अनु चांदना, सोनिया वर्षा तनेजा, रितु, आशा अहलावत, पूनम काजला, उषा, आदि थी।

# कांग्रेसियों ने मनाई स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, संचार क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ बाड़ा मथुरा पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर सभी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने की।
विचार गोष्ठी से पूर्व भारत रत्न राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए, हाल में निगम चुनावों में विजयी पार्षद संतोष पाठक व चुनाव लड़े पार्षद प्रत्याशियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि वह राजीव गांधी ही थे, जो कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए हमेशा सम्मान प्रकट करते थे और कार्यकर्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते थे, जब वह मथुरा प्रवास पर आए तो स्टेशन से स्थानीय एक कॉलेज में सभा करने के लिए आधे किलोमीटर का रास्ता था उनकी गाड़ी आगे आगे चल रही थी सभी लोग उनकी गाड़ी के साथ दौड़ रहे थे, उन्होंने देखा तुरंत गाड़ी रुकवाई और सभी लोगों के साथ पैदल चलते हुए सभा स्थल तक पहुंचे।
प्रदेश सचिव विनेश सनवाल ने राजीव गांधी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रखर चतुर्वेदी ने कहा वो राजीव गांधी ही थे जिन्होंने कांग्रेस संगठन को एकजुट करते हुए नये भारत की नींव रखी। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में पूर्व जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित भाई मनोज गौड़, पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित आशीष चतुर्वेदी, बृजेश शर्मा एडवोकेट, संजीव चतुर्वेदी, विनोद आर्य, राजकुमार प्रधान, साहब सिंह प्रधान, मुकीम कुरेशी, तपेश गौतम, मीना ठाकुर, महेंद्र प्रताप गौतम, सुशील सागर, अखलाक खान, गिरिराज सिंह छोकर, जगजीत सिंह, ठाकुर प्रिया पाल सिंह, मुकेश ठाकुर, राजू अब्बासी, अनिल, भगवानदास, रमेश, राजू, सुरेश अशोक आदि उपस्थित रहे।




**निगम चुनावों में विजयी पार्षद संतोष पाठक व चुनाव लड़े पार्षद प्रत्याशियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया**

## रंग ला रही शिक्षकों की दाना पानी एवं आशियाना मुहिम

**मथुरा।** पक्षियों एवं पर्यावरण बचाने एवं संरक्षण की मुहिम को लेकर शिक्षकों का एक समूह पक्षियों के लिए दाना पानी एवं आशियाना मुहिम चला रहा है। जिसमें पूरे प्रदेश से लोग जुड़ कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक कर रहे है। पक्षियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा के प्रधानाचार्य डा. अखिलेश यादव ने बताया कि वृंदावन के स्काइविंग कैफे परिक्रमा मार्ग अटल्ला चुंगी में एक आयोजन किया जा रहा है। डा. अखिलेश ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आकाश अग्रवाल एमएलसी आगरा परिक्षेत्र, अलीगढ़ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. मुकेश अग्रवाल, आगरा मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. आरपी शर्मा एवं विशिष्ट मंडलीय उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य मथुरा डा. महेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. भास्कर मिश्रा रहेंगे। पक्षियों के संरक्षण की इस मुहिम को चलाने वाले प्रदेश संचालक हरिओम सिंह ने बताया वह पिछले कई सालो से अपने जनपद कौशांबी में इस मुहिम को चला रहे थे लेकिन इसका दायरा नहीं बढ़ पा रहा था। इसलिए इस मुहिम को आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया और इस मुहिम का असर यह हुआ की आज प्रदेश के 64 जनपदों के लोग इस काम कर रहे है। जिन्हें सोमवार को होने वाले कार्यक्रम में प्रोत्साहित करने के लिए प्रणय परिंदा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिससे था कारवां बढ़ता जाए और पक्षियों एवं पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को धार मिल सके और यह आम जनमानस तक पहुंच सके।

## घर से लाखों रुपये की नकदी चोरी करके भागे बदमाश

**सोनीपत:** फिल्मों और कहावतों में अक्सर पुलिस के लिए एक बात दिखाई और कही जाती है कि वह क्राइम हो जाने के बाद ही पहुंचती है, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता। कभी-कभी पुलिस अपराध के वक्त ही पहुंच जाती है। ये बात और है कि अपराधी उसके हाथ न लगे। हरियाणा सरकार ने शिकायत मिलने के बाद पीड़ित के पास चंद मिनटों में पुलिस सहायता पहुंचाने के लिए डायल 112 की सुविधा शुरू की थी, लेकिन सवाल ये है कि क्या जनता को इसका कोई लाभ मिल भी रहा है या नहीं, ये सवाल सोनीपत में घर से 4 लाख ज्यादा की चोरी के मामले देखकर उठ रहा है। शहर थाना क्षेत्र की शास्त्री कॉलोनी निवासी रामफल ने पुलिस को बताया कि वह, उसकी पत्नी व बच्चे घर पर थे। वह रोजाना की तरह खाना खाकर मकान में ऊपर के कमरे मे जाकर सो गया। चार दिन पहले उसके बेटे राजेश ने उसे 4 लाख 10 हजार रुपये दिए थे। उसने अपनी चारपाई पर तकिया के नीचे कैश छुपाकर रखा था। बीती रात एक बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर सीढ़ी के सहारे मकान में घुस आया। उसके पास हथियार था। शरीर पर उसने ऊपर कुछ नहीं पहन रखा था।

## 'हरियाणा में पूर्व सीएम हुड्डा के नेतृत्व में बनेगी कांग्रेस सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत ग्रामीण हलके के गांव हड़ताड़ी में रविवार को युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सचिन कुंडू सहित पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया और मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार की पोल खोलने का काम किया। इस मौके पर सचिन कुंडू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग हताश व परेशान है। जिससे प्रदेश से मौजूदा सरकार का अगले चुनाव में जाना तय है और जनता ने अभी से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही सभी वर्गो के हित सुरक्षित है और कांग्रेस ही गरीब, किसान व मजदूरों के हकों की आवाज उठाकर उनका भला कर सकती है। वहीं सचिन कुंडू ने कहा कि अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा जनता से जो वादें किये जा रहे है, उनको प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, बिजेंद्र पुनिया, संदीप बुड़शाम, इकराम सरपंच, पूर्व सरपंच रंजीत सिंह, रामा नंबरदार कश्यप, सुरेंद्र बबैल, लहना सिंह, सुरता सिंह, चंद्र सिंह, राजेंद्र नंबदार, बिंद्र कश्यप व रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।



# शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** राजीव गांधी की पुण्य तिथि जिसे शहादत दिवस के रूप में मना देशवासी राजीव की कुबार्नी को नमन करते हैं , आज इसी शहादत दिवस के मौके पर नारनौल शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की याद में विभिन्न आयोजन संपन्न हुए। शहर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश यादव की अगुवाई में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने दोहराया कि राजीव की बदौलत ही आज देश आईटी सेक्टर में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है । अनेकों नेताओं ने अपने स्तर पर भाषण दे स्व. राजीव गांधी को नमन किया तो कइयों ने कार्यक्रम की आड़ में अपने राजनैतिक आकाओं के लिए तारीफ के कशीदे पढ़ उनका गुणगान किया। शहर में आयोजित कार्यक्रम में प्रीतम यादव , बलवंत सिंह यादव , देवकरण चौहान, गोविंद सिंह , हरशरण सिंह , सरदार हैप्पी सिंह , अनिल यादव, रविंद्र गुप्ता , डा. राजेंद्र सैनी ,यादराम खिंची , सुमित खिंची , ब्रजमोहन सैनी , नरेंद्र श्रीवास्तव , कांता यादव , मुकेश जोशी आदि मौजूद थे। वहीं नांगल चौधरी में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजाराम गोलवा की अध्यक्षता में शहादत दिवस मनाते राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए । इस मौके पर ललित भड़ाना सहित चंद्रप्रकाश एडवोकेट, ऋषिराज पूर्व एमडी ,कमिश्नर होशियार सिंह, देवेंद्र चौधरी, राजकुमार , राजेंद्र सरपंच , देशराज सरपंच , जगदीश, दुलीचंद एडवोकेट, महेश बशीरपुर , सुभाष नेताजी , भीम , स्योराम, कर्मवीर , सीताराम चंदेला , खुशीराम, धोलाराम, सत्यवीर ठेकेदार ,सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



**राकेश यादव की अगुवाई में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई**

## मृतक होमगार्ड के परिजनों को मिली 38 लाख रुपये की आर्थिक सहायक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में स्व. शिव कुमार की पत्नी विमलेश को एक्सिस बैंक की तरफ से दुर्घटना बीमाराशि के रूप में 30 लाख रुपए का चेक, डीडी दिया गया तथा मृतक की दोनों पुत्रियों अंजिली एवं नीतू को शिक्षा के लिए चार चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। 16 जनवरी को होमगार्ड विभाग की तरफ से आर्थिक सहायत के रूप में पांच लाख रुपये की धनराशि का चेक मृतक के आश्रितों को पूर्व में प्रदान किया जा चुका है।
इस प्रकार दिवंगत होमगार्ड स्वर्गीय राजकुमार के आश्रितों को विभाग एवं एक्सिस बैंक के माध्यम से कुल रुपए 43 लाख की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान करायी गई है। चेक वितरण में जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बीओ सुधीर कुमार, एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर नीरज खंडेलवाल, मेनेजर राहुल अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, सहायक मेनेजर तृप्ति तथा डिप्टी मेनेजर मनोज कुमार उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# मोदी बने जी-20 और जी-7 सहयोग के सूत्रधार

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। वैश्विक सम्मेलन में सर्वाधिक आकर्षण मोदी के प्रति होता है। ऐसा जापान के हिरोशिमा में भी हुआ। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। मोदी दोनों संगठनों के बीच सहयोग के सूत्रधार बने हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 और जी-7 के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक बनाया जा सकता है।

नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में खाद्य, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का आह्वान किया है। सुझाव दिया कि वैश्विक नेताओं को ऐसी समावेशी खाद्य प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे गरीब किसानों सहित सबसे कमजोर लोगों की रक्षा की जा सके। पोषण और पर्यावरण के हित में मोटे अनाज के उपयोग होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। विकासशील देशों की जरूरतों से प्रेरित विकास मॉडल होना चाहिए। परस्पर सहयोग से स्वास्थ्य सेवा,आरोग्य तथा खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। बड़ी बात यह है कि भारत जी-7 समूह का हिस्सा नहीं है। फिर भी भारत को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी लगातार चौथी बार जी-7 में शामिल हुए। जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, जी-7 समूह की स्थापना 1973 में की गई थी। इसका किसी भी देश में मुख्यालय नहीं है। यह ग्रुप मानवीय मूल्यों की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थक, समृद्धि और सतत विकास के सिद्धांत पर चलता है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 को नई दिशा मिल रही है। जी-7 के सदस्य भी भारत की इस भूमिका से प्रभावित है। नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं का वह लाभ उठाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी पर दुनिया को विश्वास है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना है। विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है। नरेन्द्र मोदी ने इसी चिंतन का उद्घोष जी-20 में भी किया है। अन्य देशों की सभ्यताओं के लिए यह विचार दुर्लभ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति वैश्विक दृष्टि में परिवर्तन आ चुका है । आज भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद और वैश्विक निर्धनता के विभिन्न पक्षों पर मोदी के सुझाव समाधान करने वाले हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम भारतीय दर्शन एवं भारतीय जीवन दृष्टि का प्राण तत्व है । भारतीय दृष्टि धरित्री को भूगोल मानने तक सीमित नहीं है। अपितु यह इसे मां के सदृश मानती है। इसी दृष्टि से भारत की जी-20 की अध्यक्षता को लिया गया। पूर्व में आर्थिक रूप से संपन्न रहे भारत की तस्वीर को वापस लाना होगा।

# जनता को विकास नहीं, मुफ्त रेवड़ियां चाहिए

**अशोक भाटिया**

> "स्वाभाविक ही इस अंधी दौड़ में जो पार्टियां या व्यक्ति उसके विरोध में खड़ा होगा, वह आज के हल्ला बोल माहौल में गरीब विरोधी और पूंजीपतियों, कॉर्पोरेट का दलाल और समर्थक तक करार दिया जाएगा। गांधी जी ने कहा था कि मैं देश में किसी मुफ्तखोरी की अनुमति नहीं दे सकता। उनका स्पष्ट कहना था कि शारीरिक परिश्रम के बगैर किसी व्यक्ति को भोजन नहीं मिलना चाहिए। वास्तव में अगर गहराई से देखें तो राजनीतिक पार्टियों की मुफ्त दान संबंधी घोषणाएं और कदम देश के सामूहिक मानस को भिखारी बना देना है। जिस व्यक्ति, समाज और देश के अंदर यह भाव और व्यवहार नहीं है कि अपने समक्ष उत्पन्न कठिनाइयों, चुनौतियों को स्वयं के संकल्प और परिश्रम से निपटा जाएगा तो वह व्यक्ति, समाज और देश कभी सशक्त व स्वावलंबी नहीं हो सकता"

**एक** ओर सुप्रीम कोर्ट चुनाव से पहले फ्री योजनाओं के खिलाफ इस याचिका पर विचार कर रहा है कि क्यों न फ्री का प्रलोभन देने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द कर दी जाए? दूसरी ओर कर्नाटक के चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक दल ऐसे ही कुत्सित प्रयासों में जुटे रहे है । कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और जद एस जैसे राजनीतिक दल मुफ्त वादों के जरिए चुनावी लोकतंत्र की नींव को हिलाने में लगे रहे । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसके पक्षधर रहे हैं कि चुनावों से पहले ह्यमुफ्त रेवड़ियांह्न के वादे करने पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। क्योंकि इसके मूल में जनता का हित नहीं, बल्कि कुत्सित राजनीतिक स्वार्थ ही छिपे हैं। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की ओर से की गई लोकलुभावन घोषणाएं राज्य की अर्थ व्यवस्था पर भारी पड़ सकती हैं। कर्नाटक बेशक अमीर राज्य है, फिर भी उसकी प्रतिबद्ध देनदारियां इतनी हैं कि चुनावी वादों के नाम पर खैरात बांटने की गुंजाइश बिल्कुल नहीं है। गौरतलब है कि पहले हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनाव परिणामों ने एक साथ कई बातों पर गंभीरता से विचार करने को बाध्य किया है। भारत के भविष्य की दृष्टि से इसमें एक प्रमुख मुद्दा है लोक कल्याणकारी कार्यों के नाम पर जनता को मुफ्त वस्तुएं और सेवाएं देने की घोषणाएं । अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने राजधानी दिल्ली में चुनावी विजयों की दृष्टि से इसका सर्वाधिक चतुर उपयोग किया है। इसे ही विस्तारित करते हुए पंजाब तक ले गए और वहां भी शानदार विजय का सेहरा उनकी पार्टी के सिर बंधा। यहां इन घोषणाओं और वायदों में विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि सब कुछ देश के सामने है। साफ दिख रहा था कि दूसरी पार्टियां भी धीरे-धीरे 'आप' का अनुसरण कर रही हैं। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने से लेकर राशन, बिजली सहित ऐसे वायदे किए जो अर्थव्यवस्था के लिए क्षतिकारक है। संयोग से उसे विजय प्राप्त हुई। कर्नाटक में उसने ज्यादा विस्तार किया है। यह तो नहीं कह सकते कि भाजपा इस दौड़ में बिल्कुल शामिल नहीं थी । किंतु पुरानी पेंशन योजना की मांग को पूरी दृढ़ता से उसने खारिज किया। भारत की



अर्थव्यवस्था और भविष्य की दृष्टि से यह बिल्कुल सही स्टैंड है। किंतु कर्नाटक में उसने भी कांग्रेस के समानांतर जनता को कुछ वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त देने की घोषणा की। हमारे देश के ज्यादातर नेता, एक्टिविस्ट, जिनको भारत राष्ट्र के भविष्य की कल्पना नहीं, जो बड़ी कल्पनायें नहीं करते, जो देश, मूल मुद्दों और आम लोगों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को समझने में सक्षम नहीं और उनका परिश्रमसाध्य समाधान नहीं दे पाते वे अपने को गरीब समर्थक साबित करने के लिए ऐसे ही राज्य द्वारा मुफ्त दान की प्रतिस्पर्धा में शामिल होते हैं। स्वाभाविक ही इस अंधी दौड़ में जो पार्टियां या व्यक्ति उसके विरोध में खड़ा होगा, वह आज के हल्ला बोल माहौल में गरीब विरोधी और पूंजीपतियों, कॉर्पोरेट का दलाल और समर्थक तक करार दिया जाएगा। गांधी जी ने कहा था कि मैं देश में किसी मुफ्तखोरी की अनुमति नहीं दे सकता। उनका स्पष्ट कहना था कि शारीरिक परिश्रम के बगैर किसी व्यक्ति को भोजन नहीं मिलना चाहिए। वास्तव में अगर गहराई से देखें तो राजनीतिक पार्टियों की मुफ्त दान संबंधी घोषणायें और कदम देश के सामूहिक मानस को भिखारी बना देना है। जिस व्यक्ति, समाज और देश के अंदर यह भाव और व्यवहार नहीं है कि अपने समक्ष उत्पन्न कठिनाइयों, चुनौतियों को स्वयं के संकल्प और परिश्रम से निपटा जाएगा तो वह व्यक्ति, समाज और देश कभी सशक्त व स्वावलंबी नहीं हो सकता। एक बार समाज को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की मुफ्तखोरी का स्वाद लग गया तो परिश्रम कर स्वयं को सक्षम बनाने का संस्कार नष्ट हो जाता है। उसमें उसका आत्मविश्वास भी खत्म हो जाता है। इस विचार और व्यवहार का प्रभाव देखिए कि जिनके के लिए कुछ किलो राशन, कुछ यूनिट बिजली या कुछ लीटर पानी का व्यय मायने नहीं रखता वह भी इससे प्रभावित होते हैं। कई चुनाव परिणामों विशेषकर दिल्ली, पंजाब आदि चुनाव परिणामों का निष्कर्ष तो यही है। वैसे भारत में मतदाताओं को रिझाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त दान का लंबा इतिहास है किंतु इसकी शुरूआत लोग दक्षिण के आंध्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों से मानते हैं। वहां मुफ्त चावल से लेकर कलर टीवी, केबल कनेक्शन, मोबाइल तक देने की घोषणाएं हुईं और दी गईं। केंद्र और राज्यों को आय के अनुरूप ही कल्याण और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए खर्च करना है। इस तरह के मुफ्त दान और एक वर्ग को खुश करने के लिए पेंशन आदि बढ़ाई तो उसका असर समूची अर्थव्यवस्था पर होता है और दूसरे समूह भी इसकी मांग करते हैं। इससे विकास की नीतियां और कार्यक्रम प्रभावित होते हैं और व्यवहार में आम लोगों के कल्याणकारी योजनाओं में भी कटौती करनी पड़ती है। तो राजनीतिक दलों के लिए भी लंबे समय तक के लिए यह लाभकारी नहीं हो सकता। लोगों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप सांस्कृतिक शैक्षणिक धार्मिक सामाजिक परिवेश सुरक्षा का वातावरण और विकास चाहिए, और न होने पर वह किसी पार्टी को सत्ता से हटा सकते हैं। एनटी रामाराव के नेतृत्व में ही तेलुगू देशम पार्टी की चुनाव में बुरी तरह पराजय हुई। अकाली दल ने भी पंजाब में लोगों को मुफ्त में काफी कुछ दिया, लेकिन यह उसकी सत्ता की स्थाई गारंटी नहीं बन सका। इसके विपरीत गुजरात में भाजपा लगातार 1995 से सत्ता में है। वहां के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी की मुफ्त घोषणाओं को स्वीकार नहीं किया। ये उदाहरण राजनीतिक दलों के लिए सीख होनी चाहिए। वास्तव में मुफ्त दान यानी फ्रीबीज से विजय चुनाव परिणामों का केवल एक पक्ष है। 2014 में देश ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को लोकसभा में पूर्ण बहुमत दिया, जिसकी कल्पना नहीं थी। उस समय भाजपा ने लोगों के खातों में नकदी पहुंचाने या मुफ्त दान की घोषणा नहीं की थी और न उससे लोगों को इसकी उम्मीद ही थी। देश का सामूहिक मानस भारत को दूसरे रूप में देखना चाहता था और मोदी में उसे अपनी कल्पना का प्रतिबिंब दिखा। हिमाचल या कर्नाटक की पराजय भाजपा के अंदरूनी कलह की परिणति थी। आखिर किसान सम्मान निधि, कोरोना काल से अब तक मुफ्त राशन सहित घोषणा पत्र में स्वयं कई मुफ्त वायदों के बावजूद उसे पराजय मिली तो कारणों की गहराई से समीक्षा करनी चाहिए। अगर शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व की तरह राज्य संगठन और सरकार अपने लक्ष्यों, विचार और योजनाओं के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता परिलक्षित करेंगे तो जनता नकार नहीं सकती। तात्कालिक परिस्थितियों में किन्ही कारणों से पराजय मिली तो फिर से वापसी भी हुई है। कई दूसरे दलों के साथ भी यही लागू होता है। अगर भाजपा जैसी पार्टियां भी इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाएंगी तो फिर अन्य दलों से उसके बीच कोई गुणात्मक अंतर नहीं रहेगा। सत्ता की दौड़ में शामिल कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र हम देख चुके हैं। भाजपा जैसी विचारधारा वाली पार्टी के मूल कार्यकर्ता और समर्थक उससे मुफ्तखोरी की अपेक्षा नहीं करते। इसकी बजाय अपनी मूल घोषणा पर सरकार और संगठन को प्रतिबद्धता के साथ सक्रिय रहते देखना चाहते हैं। किसी भी पार्टी के विचारवान समर्थक अपने जनप्रतिनिधियों और नेताओं से यही अपेक्षा रखते हैं। यहां तक की मुफ्त का लाभ उठाने वालों में भी ऐसे लोग मिल जाएंगे जो इसकी आलोचना करेंगे।

## कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा
बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।

चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं
सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला
सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा
चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का
सुनहरा सवेरा।

संजीव ठाकुर

# कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं

**संजीव ठाकुर**

**हमें** सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी।

## विचार

# सकारात्मकता से संकल्प विजय का

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

**वर्ष** २०२० के पहले त्रैमास में ही सदी में होने वाली महामारी कोरोना का आतंक दुनिया पर हावी होता चला गया . दुनिया घरो में लाक डाउन हो गई . कोरोना काल सदी की त्रासदी है . वर्तमान पीढ़ी के लिये यह न भूतो न भविष्यति वाली विचित्र स्थिति थी . आवागमन बाधित दुनियां में संपर्क के लिये इंटरनेट बड़ा सहारा बना . दूसरी कोरोना लहर के कठिन समय में मोबाइल की घंटी से भी किसी अप्रिय सूचना का भय सताने लगा था . अंततोगत्वा शासन और आम आदमी के समवेत प्रयासो की , जीवंतता की , सकारात्मकता का संघर्ष विजयी हुआ . रचनात्मकता नही रुकी . मानवीयता मुखरित हुई . कोरोना काल साहित्य के लिये भी एक सक्रिय रचनाकाल के रूप में जाना जायेगा . इस कालावधि में एकाकीपन से निपटने लेखन के जरिये लोगों ने अपनी भावाभिव्यक्ति की . इंटरनेट के माध्यम से फेसबुक , गूगल मीट , जूम जैसे संसाधनो के प्रयोग करते हुये ढ़ेर सारे आयोजन हुये . यू ट्यूब इन सबसे भरा हुआ है . विगत पच्चीस बरसों से दिल्ली एन सी आर में सक्रिय समाजसेवी संस्था दधीची देहदान समिति ने भी स्वस्फूर्त कोरोना से लड़ने का बीड़ा उठाकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये . जब आम आदमी विवशता में मन से टूट रहा था , सकारात्मकता के विस्तार की आवश्यकता को समझ कर एक आनलाइन व्याख्यानमाला आयोजित की गई . हमेशा से वैचारिक पृष्ठभुमि ही जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है . सकारात्मक विचार ही जीवन संबल बनते हैं . दस दिनो तक कोरोना की विषमता से निपटने के लिये जन सामान्य में मानसिक ऊर्जा का नव संचार मनीषियों के चिंतन पूर्ण वैचारिक संप्रेषण से संभव हुआ . आन लाइन व्याख्यान की तात्कालिक पहुंच भले ही दूर दूर तक होती है किन्तु वे शाश्वत संबोधन भी तब तक चिर जीवी संदर्भ नहीं बन पाते जब तक उन व्याख्यानो को पुस्तक का स्थाई स्वरूप न मिले . मंजु प्रभा जी ने यह जिम्मेदारी कुशलता पूर्वक उठाकर यह कृति "सकारात्मकता से संकल्प विजय का " प्रस्तुत की है .इस द्विभाषी पुस्तक में हिन्दी और अंग्रेजी में स्थाई महत्व की सामग्री चार खण्डो में संग्रहित है . पहले खण्ड में तत्कालीन उप राष्ट्रपति एम वैंकैया नायडू का देहदानियों के सम्मान उत्सव के अवसर पर संबोधन संपादित स्वरूप में शामिल है . उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि अंगदान से न केवल आप दूसरे के शरीर में जीवित बने रहते हैं बल्कि मानवता को भी जीवित रखते हैं . शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती जी ने अपने व्याख्यान में अशोक वाटिका में सीता जी के हतोत्साहित मन में सकारात्मकता के नव संचार करने वाले हनुमान जी के सीता जी से संवाद वाले प्रसंग की व्याख्या की है . मोहन भागवत जी ने अपने लेख में " सक्सेज इज नाट फाइनल , फेल्युअर इज नाट फेटल , द करेज टु कंटीन्यू इज द आनली थिंग दैट मैटर्स " की विशद व्याख्या की है . उन्होंने चर्चिल को उधृत किया है " वी आर नाट इंटरेस्टेड इन पासिबिलिटीज आफ डिफीट , दे डू नाट एक्जिस्ट " . अजीज प्रेम जी ने आव्हान किया है " कम टुगेदर एन्ड दू एवरी थिंग वी कैन " . उन्होने कहा कि " दि कंट्री मस्ट कम टुगेदर एज वन ." सद्गुरु जग्गी वासुदेव जी ने विवेचना करते हुये बताया कि " दि प्राबलेम इज दैट वी आर मोर डेडीकेटेड टु आवर लाइफ स्टाइल देन अवर लाइफ इटसेल्फ " . उन्होनें समझाया कि " हाउ वी कैन बी पार्ट आफ द सोल्यूशन " .श्री श्री रविशंकर जी ने कहा कि इस वक्त हमें करनी होगी वही बात कि निर्बल के बल राम . ईश्वर पर विश्वास ही हमको मानसिक तनाव से दूर रखता है . उन्होंने बताया कि योग , प्राणायाम , ध्यान और समुचित आहार ही जीवन का सही रास्ता है .

साध्वी ॠतंभरा के कथन का सार था कि "शुभ कर्मो के बिना कभी भी हुआ नहीं निस्तारा ,जीत लिया जिसने मन उसने जीत लिया जग सारा , ५स दुनियां का सार एक है नित्य अबाध रवानी , अपनी राह बना लेता है , खुद ही बहता पानी " महंत संत ज्ञानदेव सिंह जी ने अपने व्यक्त्व्य में संदेश दिया "उठो जागो और अपने स्वरूप को पहचानो " .मुनि प्रमाण सागर जी ने मन को प्रबल बनाये रखने कासंदेश दिया उन्होने कहा कि तन की बीमारी को कभी भी मन पर हावी न होने दें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक करोड़ रोजगार की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**प्रेम शर्मा**

**प्रदेश** में बेहतर कानून व्यवस्था और फरवरी में सम्पन्न हुए निवेशकों के तीन दिवसीय महाकुंभ का परिणाम दिखाई पड़ने लगा है। जिस तरह से निवेशकों के प्रति प्रदेश सरकार ने दरियादिली दिखाई है, प्रदेश में कानून व्यवस्था, सड़क परिवहन और ऊर्जा आदि के क्षेत्र में बेहतर महौल तैयार किया है उसका परिणाम आने वाले दिनों में धरातल पर दिखाई देगा। उत्तर प्रदेश एक करोड़ रोजगार के अवसर देने की ओर अग्रसर हो चुका है। प्रदेश के आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी और एटा में 4500 करोड़ के निरवेश के साथ लगभग 6000 रोजगार के अवसर धरातल पर फलीभूत होते दिखाई पड़ रहे है। पहली बार इन पॉच जिलों के प्रस्ताव 100 प्रतिशत आनलाइन प्रक्रिया के तहत स्वीकार किए जा चुके है। जैव ऊर्जा के क्षेत्र में यूपीनेडा ने सात निवेशकों के 325 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यही नही प्रदेश में पिछड़े जिलों में गिना जाने वाला चन्दौली जिला प्रदेश सरकार की बेहतरीन कार्यशैली के चलते निवेशकों के लिए सबसे अधिक निवेश करने वाला जिला बना गया है। चार निवेशकों द्वारा चन्दौली जिले में 7020 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। अमेठी में 4,761 करोड़ का निवेश करने वाली 30 इकाईयॉ तो पूर्वांचल में 20,189 करोड़ खर्च कर 65 इकाईया उघोग स्थापित करने को तैयार है। पश्चिमांचल में 12,051 करोड़ का निवेश के साथ 70 और मध्यांचल में 5200 करोड का निवेश कर 60 तो सबसे पिछड़े क्षेत्र बुन्देलखण्ड में 2872 करोड़ के निवेश के साथ चार इकाइयों की स्थापना अंतिम दौर पर है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इतना निवेश होने के बाद प्रदेश में दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर अगले तीन माह में फलीभूत हो जाएगे। वास्तव में देखा जाए तो उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने की कड़ी में राजधानी लखनऊ में आयोजित निवेशकों के तीन दिवसीय महाकुंभ में नया इतिहास लिखा जा चुका है। यूपीजीआइएस-23 के माध्यम से 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश न सिर्फ उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास दर को गति देगा बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का जरिया बन युवाओं के सपनों को भी साकार करेगा।

# कैसे-कैसे घाव

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कहते** हैं ऑफलाइन घावों के लिए ऑनलाइन दवाएँ काम नहीं करतीं। यहाँ दुनिया झक मारकर जी रही है। उनके लिए मरना-मारना बड़ी बात नहीं है। यहाँ लोग बाद में मरते हैं पहले आत्मा मरती है। आँखों में खुशियों की रौनक से अनजान कुछ लोग मोमबत्तियों की रैलियाँ निकालकर बड़े हमदर्द होने का दावा ठोकते फिरते हैं। यह दुनिया जैसी दिखती है, वैसी है नहीं और जैसी है नहीं, वैसी उसे देखने की कोशिश करते हैं। यहाँ चिता की आग से केवल बदन नहीं जलता, बल्कि उस पर कई मतलबी स्वानों का भोजन भी पकता है। एक ही आग के दो रूप झ्र कहीं सुख, कहीं दुख। ये आग लगाने वाले कहीं छिपकर बैठे हैं। छिप्पम छिपाई का खेल खेलने वाले भेष बदलकर हमारे, आपके, सबके बीच घूमते रहते हैं। अक्सर ऐसे लोग पेड़ के पत्तों और फलों में बगावत कर उसकी जड़ ही मिटा देते हैं। बनावटी हँसी के पीछे जहरीले मकसद का बाजार सजाते हैं। रोशनी से रोशनी छीनकर अंधेरे का सौगात देते हैं। ऐस लोगों को देखने के लिए केवल बाहर का नजारा देखने वाली आँखों की नहीं भीतर का घिनौना सच देखने वाली आँखों की भी जरूरत पड़ती है। छोटे लोग और छोटी सोच के लिए आँखें बड़ी करनी होंगी। बरखुरदार छोटी आँखों से बड़ी दुनिया नहीं देखी जाती। बड़ी दुनिया के लिए बड़ी आँखों की जरूरत पड़ती है। बंद दरवाजों के पीछे केवल सुख बसेरा नहीं करता, वहाँ दुख भी डेरा डाले रहता है। हर दरवाजे के पीछे आँसुओं की धारा बहती है। समझो तो आँसू हैं न समझो तो पानी की बूँदें। हर धारा की अपनी कहानी है। यह कहानी घर-घर की है। गहराइयाँ केवल समुंदर की ही नहीं होती। कुछ गहराइयों को नापने के लिए टेप की नहीं जिंदादिल धड़कने वाले दिल की जरूरत होती है। वह क्या है न कि दुनिया में ऊपर देखकर चलने वालों की जमात बढ़ती जा रही है। ऐसी जमात अक्सर रिश्ते नातों की गहराइयों में डूबने से डरती हैं। बचती हैं। छिपती हैं। घबराती हैं। सकपकाती हैं। उन्हें डर है कि कहीं भावनाओं की संतति का जन्म न हो जाए! रुपए-पैसों के पीछे दौड़ने वाले पैरों को लकवा न मार जाए! बेशर्म होकर कमाई दौलत को शर्म की आड़ में रहकर कौन मूर्ख गंवाना चाहेगा!

# यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, युद्ध के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे

**टोक्यो।** जापान के हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। पिछले साल यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पहली बार जेलेंस्की और मोदी की मुलाकात हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे दोनों नेताओं की सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध दुनिया का एक बड़ा मुद्दा है। वे इसे सिर्फ अर्थव्यवस्था और राजनीति का मुद्दा नहीं मानते, उनके लिए यह मानवता का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि भारत और वे स्वयं भी युद्ध की समस्या के समाधान के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस



दौरान बैस्टिल दिवस के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में प्रगति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मिले। भारतीय प्रधानमंत्री ट्वीट कर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ हुई अपनी बातचीत को शानदार करार दिया।

**जर्मनी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ बैठक की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय विदेश मंत्रालय के ट्वीट में जानकारी दी गयी कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन एवं समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रमों एवं वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## युद्ध में दोनों पैर गंवाने वाले पूर्व ब्रिटिश गोरखा सैनिक ने माउंट एवरेस्ट फतह कर इतिहास रचा

**काठमांडू।** दोनों पैरों से अशक्त एक जांबाज पूर्व सैनिक ने दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर इतिहास रच दिया। यह कीर्तिमान स्थापित करने वाले हरि बुधमागर (43)



कृत्रिम पैरों से इस चोटी पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। यह जानकारी नेपाल पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। इस अधिकारी ने कहा कि पूर्व ब्रिटिश गोरखा सैनिक हरि बुधमागर अफगानिस्तान में 2010 में युद्ध लड़ते हुए दोनों पैरों से अशक्त हो गए थे। उन्होंने दोपहर 8848.86 मीटर ऊंची पर्वत चोटी फतह की।

## नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत का मंत्रिमंडल विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है। सुदूर पश्चिम प्रांत के प्रमुख से आज तीन मंत्रियों और एक राज्य मंत्री ने शपथ ली। इन मंत्रियों में नेपाली कांग्रेस



के एक और सीपीएन-एकीकृत माओवादी केंद्र के दो मंत्री और एक राज्य मंत्री शामिल हैं। मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह सीपीएन-यूएमसी के हैं। उन्हें तीन महीने पहले मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था। नेपाल में केंद्र सरकार में सत्ता संतुलन में बदलाव के बाद प्रांतों में भी बदलाव आया है। 7 प्रांतों में से केवल कोशी प्रांत में सीपीएन-यूएमएल के नेतृत्व वाली सरकार है। शेष 6 प्रांतों में सरकार का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन की पार्टी करती है।

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र की सफलता और सुरक्षा पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण : पीएम

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के अंत में जापान के हिरोशिमा शहर में हुए परमाणु हमले में मारे गए लोगों की याद में बनाए गए हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय में रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी जी7 समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जापान की यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी ने जी7 के अन्य नेताओं के साथ संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने संग्रहालय की आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, ''आज (रविवार) सुबह हिरोशिमा में शांति स्मारक संग्रहालय और हिरोशिमा शांति स्मारक पार्क गया।'' स्मारक पर अन्य विश्व नेताओं ने भी अमेरिका के परमाणु हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। अमेरिका ने छह अगस्त 1945 को हिरोशिमा में दुनिया का पहला परमाणु हमला किया था, जिसमें यह शहर तबाह हो गया था और करीब 1,40,000 लोगों की मौत हो गई थी। मोदी के स्मारक स्थल स्थित संग्रहालय के दौरे की तस्वीरें ट्वीट करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, ''हिरोशिमा के पीड़ितों की याद में श्रद्धांजलि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति स्मारक संग्रहालय का दौरा कर अपने दिन की शुरुआत की, जहां उन्होंने दस्तावेजों का अवलोकन किया और आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।'' मंत्रालय ने जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे विश्व नेताओं की एक सामूहिक तस्वीर भी ट्वीट की। उसने कहा, ''नेताओं ने भी हिरोशिमा शांति स्मारक पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की।'' इस संग्रहालय में हमले में मारे गए लोगों के सामान, तस्वीरें और अन्य सामग्री रखी गई हैं, जो हिरोशिमा पर अमेरिका द्वारा परमाणु बम गिराए जाने की विभीषिका दर्शाती हैं। जी7 देशों में जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाला भारतीय मूल का सिंगापुरी पर्वतारोही लापता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल का एक सिंगापुरी पर्वतारोही माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने के बाद लापता हो गया, जिसके बाद उसके परिवारवालों ने उसकी स्थिति का ध्यान देने कू मांग की है। चेंज डॉट ओआरजी की वेबसाइट में दाखिल की गई एक याचिका के अनुसार श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने के लिए पिछले महीने ही सिंगापुर से नेपाल के लिए रवाना हुए थे।

उनके चचेरे भाई ने बताया कि चोटी से नीचे उतरते समय श्रीनिवास को शीतदंश और ऊंचाई की वजह से वह बीमार पड़ गए। इस वजह से वह अपने समूह से बिछड़ गया और 8000 मीटर चोटी की तिब्बती क्षेत्र में गिर गया।

सिंगापुर की एक टीवी चैनल ने भरत के हवाले से बताया कि शेरपाओं की एक टीम शनिवार को श्रीनिवास के लिए तलाशी अभियान शुरू किया था। भरत ने बताया कि उनके परिवार संबंधित सरकार से लगातार संपर्क में हैं।

भरत ने बताया कि श्रीनिवास का परिवार हताश है लेकिन अभी भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी है।

श्रीनिवास ने आखिरी बार अपनी पत्नी को शुक्रवार को संदेश भेजा था। उन्होंने अपनी पत्नी को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने की खबर दी थी। श्रीनिवास का पूरा परिवार नई दिल्ली में सिंगापुर



39 वर्षीय श्रीनिवास रियल एस्टेट कंपनी 'जोंस लैंग लासेल' में कार्यकारी निदेशक हैं। एक अप्रैल को वह माउंट एवरेस्ट के लिए नेपाल रवाना हुए थे और चार जून को वह स्वदेश लौटने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उच्चायोग, नेपाल में स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन चिकित्सकीय सेवाओं के साथ लगातार संपर्क में है। इस घटना पर सिंगापुर का विदेश मंत्रालय घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## पीएम मोदी के फैन हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, बोले - मुझे आपका ऑटोग्राफ ले लेना चाहिए

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है लेकिन अब तो दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी ऐसा लगता है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता के कायल हो गए हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तो प्रधानमंत्री मोदी के इतने प्रशंसक बन चुके हैं कि वह उनका ऑटोग्राफ लेने की बात करने लगे हैं।

**'मुझे आपका ऑटोग्राफ ले लेना चाहिए'**

जापान में क्वाड बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जिस तरह से पीएम मोदी के पास आकर उनके गले लगे, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब खबर आई है कि क्वाड बैठक के दौरान जो बाइडन ने पीएम मोदी से कहा कि उनके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके पास कई शीर्ष नागरिकों की इतने आवेदन आ रहे हैं कि उन्हें काफी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पीएम मोदी जून में



अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। जो बाइडन ने पीएम मोदी से ये भी कहा कि 'उन्हें पीएम मोदी का ऑटोग्राफ ले लेना चाहिए।'

**सिडनी में पीएम मोदी का कार्यक्रम रहेगा हाउसफुल**

क्वाड बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी पीएम मोदी की लोकप्रियता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सिडनी में कम्युनिटी रिसेप्शन की क्षमता 20 हजार लोगों की है लेकिन अभी भी उनके पास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इतने आवेदन आ रहे हैं कि वह सभी को शामिल नहीं कर पाएंगे। अल्बानीज ने अपने भारत दौरे को याद करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 90 हजार से ज्यादा लोगों ने उनका स्वागत किया था। पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज मार्च में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में शामिल हुए थे। बता दें कि सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी जापान से ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएंगे।

# यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति से सुलझाया जाना चाहिए : Quad

**वाशिंगटन।** क्वाड नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। नेताओं का यह रुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख को प्रतिध्वनित करता है। मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीस ने हिरोशिमा में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में यूक्रेन संघर्ष सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों पर बातचीत की।

शिखर सम्मेलन के बाद, नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी किया जिसमें यूक्रेन संघर्ष, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए उनके दृष्टिकोण को शामिल किया गया। क्वाड नेताओं ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता एवं संप्रभुता सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के सम्मान के लिए खड़े हैं। नेताओं ने कहा, इस संदर्भ में, आज हम यूक्रेन में जारी युद्ध पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और इसके भयानक एवं दुखद मानवीय परिणामों पर शोक व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा, हम खाद्य, ईंधन और ऊर्जा सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं सहित वैश्विक आर्थिक प्रणाली पर इसके गंभीर प्रभावों को पहचानते हैं। हम यूक्रेन के लिए मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। बयान में कहा गया, यह जानते हुए कि हमारा युग युद्ध का नहीं होना चाहिए, हम बातचीत और कूटनीति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं। क्वाड नेताओं के इस बयान में प्रधानमंत्री मोदी के रुख की प्रतिध्वनि दिखी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर पिछले साल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा था, यह युग युद्ध का नहीं है। मोदी की इस टिप्पणी के लिए दुनियाभर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की थी। क्वाड नेताओं ने एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की जो समावेशी हो। उन्होंने कहा, ''हम ऐसा क्षेत्र चाहते हैं जहां किसी देश का दबदबा न हो और किसी देश को दबाया न जा सके।'' क्वाड नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

क्षेत्र में चीनी सेना की आक्रामक गतिविधियों के बीच, क्वाड नेताओं ने कहा, ''हम अस्थिरता या एकतरफा गतिविधियों का कड़ा विरोध करते हैं, जिनमें यथास्थिति को जबरन बदलने की कोशिश की जाती हो।''

नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के महत्व पर भी जोर दिया, विशेष रूप से जैसा कि समुद्री कानून से संबंधित संयुक्त राष्ट्र संधि में परिलक्षित होता है। उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ की स्पष्ट रूप से निंदा की।

## पीएम मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र वैश्विक कारोबार, नवाचार और विकास का 'इंजन' है तथा इसकी सफलता एवं सुरक्षा पूरे विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में क्वाड शिखर बैठक में शुरुआती संबोधन में यह बात कही। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा, ''क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है।'' उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सफलता और सुरक्षा पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है तथा ''हम रचनात्मक एजेंडे और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''एकजुट प्रयासों के साथ, हम मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने दृष्टिकोण को व्यावहारिक आयाम दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र वैश्विक कारोबार, नवाचार और विकास का 'इंजन' है।

मोदी ने कहा कि क्वाड मानव कल्याण, शांति और समृद्धि की दिशा में काम करना जारी रखेगा। ज्ञात हो कि क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन हिरोशिमा में जी-7 शिखर बैठक से इतर आयोजित किया जा रहा है। पहले क्वाड शिखर बैठक का आयोजन 24 मई को आस्ट्रेलिया में किया जाना निर्धारित था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा देश में उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट पर ध्यान केंद्रित करने के मकसद से अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को स्थगित करने के कारण सिडनी में प्रस्तावित क्वाड देशों के नेताओं की बैठक रद्द कर दी गई थी।

# ढाका हुआ भगवामय, बांग्लादेशवासियों ने शंकराचार्य अधोक्षजानंद का किया अभूतपूर्व नागरिक अभिनंदन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज का अभूतपूर्व नागरिक अभिनंदन हुआ। सनातन धर्म के शीर्षस्थ धर्माचार्य का हिन्दुओं के अलावा मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भव्य स्वागत किया। बच्चे और युवा जहां हाथों में भगवाध्वज लिए शंकराचार्य महराज की जय-जय के जोरदार नारे लगा रहे थे, वहीं काफी संख्या में उपस्थित महिलाएं जगद्गुरु पर पुष्प वर्षा कर उनकी आरती उतार रही थीं।

ढाका के स्थानीय लोगों ने राजधानी में दयागंज स्थित प्राचीन श्रीश्री जातीय शिवमंदिर में शनिवार पूर्वाह्न दस बजे से जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज का नागरिक अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर मंदिर के सचिव और बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एसके बादल ने शंकराचार्य जी का पांव पखारकर आशीर्वाद लिया। जगद्गुरु ने भगवान शंकर का विधिवत पूजन व रुद्राभिषेक किया। इसके बाद शंकराचार्य जी का नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस दौरान जगद्गुरु देवतीर्थ जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेशवासियों के इस अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन से वह अभिभूत हैं। उन्होंने वहां उपस्थित विशाल जनसमूह को आशीर्वाद दिया। शंकराचार्य ने



कहा कि भारत के लोग और सरकारें बांग्लादेश की शुभचिंतक हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जितना अपने देश के विकास हेतु चिंतित रहते हैं, उतना ही वह पड़ोसी देशों विशेषकर बांग्लादेश के उत्थान को लेकर प्रयासरत रहते हैं। इस अवसर पर जगद्गुरु ने श्रद्धालुओं को बताया कि आज से करीब 2500 वर्ष पूर्व वैदिक सनातन धर्म के पुनरुद्धार हेतु स्वयं भगवान शिव ने दक्षिण भारत के केरल प्रांत में अवतार लिया था। मात्र आठ वर्ष की आयु में संन्यास ग्रहण कर शंकराचार्य के नाम से विख्यात हुए। उन्होंने अद्वैत वेदान्त को ठोस आधार प्रदान किया। गौरतलब है कि श्री आद्य शंकराचार्य द्वारा गोवर्धन मठ की स्थापना हुई और भारत के पूर्वी एवं पूर्वोत्तर राज्यों समेत बांग्लादेश, नेपाल, भूटान व म्यांमार जैसे देश गोवर्धन मठ के ही विशेष धर्म संरक्षित क्षेत्र हैं। गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज 19 नवम्बर 2021 से 12 ज्योतिर्लिंगों एवं 52 शक्ति पीठों की यात्रा पर हैं। सम्पूर्ण भारत का भ्रमण कर अधिकतर ज्योतिर्लिंगों और शक्ति पीठों का दर्शन-पूजन सम्पन्न कर लेने के बाद शंकराचार्य जी ने पड़ोसी देशों में स्थित शक्ति पीठों के दर्शन की यात्रा दूसरे चरण में प्रारम्भ की है। नेपाल और श्रीलंका की यात्रा के बाद अब वह बांग्लादेश पहुंचे हैं। शंकराचार्य के साथ भारत के संतों और विद्वानों का एक सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भी बंग्लादेश की यात्रा पर है। वह यहां स्थित सभी शक्ति पीठों का दर्शन व पूजन करेंगे। इस क्रम में जल्द ही वह तिब्बत और पाकिस्तान स्थित शक्ति पीठों की भी यात्रा करेंगे।

नागरिक अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि और बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी दल जातीय पार्टी के अध्यक्ष व सांसद गुलाम मोहम्मद कादीर ने इस अवसर पर कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के आने से वे सभी लोग बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु बांग्लादेश के हर धर्म के लोगों को अपना आशीर्वाद देने आए हैं और हम सब सौभाग्यशाली हैं, जो उनका स्वागत करने का शुभ अवसर आज मिला है। गुलाम मोहम्मद कादीर ने शंकराचार्य जी से अपने संसदीय क्षेत्र, रंगपुर आने का भी अनुरोध किया।

समारोह में विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित ढाका के सांसद सैयद अबू हुसैन बाबला ने कहा कि लोगों की पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है लेकिन, सभी धर्म का वास्तविक मकसद मानवता है। उन्होंने इस अवसर पर बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योगदान को भी याद किया।

शंकराचार्य के नागरिक अभिनंदन समारोह को भारत के त्रिपुरा राज्य के विधानसभा उपाध्यक्ष रामप्रसाद पाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश हमारा मित्र देश है। यहां कई शक्ति पीठ हैं, जगद्गुरु उन शक्ति पीठों का दर्शन और पूजन करने आए हैं। वह यहां के सभी लोगों को अशीर्वाद भी देंगे।

पूर्व में अभिनंदन समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष विधान बिहारी गोस्वामी, सचिव एसके बादल, सह संयोजक सुसांत चक्रवर्ती, विश्व हिन्दू परिषद, बांग्लादेश चैप्टर के संयुक्त महामंत्री सुजन डे, कोलकाता से आए वरिष्ठ पत्रकार तरुण चक्रवर्ती समेत कई लोगों ने जगद्गुरु शंकराचार्य का स्वागत किया। स्थानीय कलाकार राधिका सरकार ने 'सत्यम शिवम सुन्दरम' संगीत पर नृत्य करते हुए जगद्गुरु का भव्य स्वागत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ईईपीसी : रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात अप्रैल में 11 गुना बढ़ा

**इस्लामाबाद।** रूस को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अप्रैल में 11 गुना बढ़कर 13.36 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया जबकि अमेरिका और चीन के बाजारों में नरमी बरकरार रही। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने यह जानकारी दी। अप्रैल 2022 में स्वतंत्र देशों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) को इंजीनियरिंग निर्यात 1.17 करोड़ डॉलर था। अप्रैल में अमेरिका को 1.4 अरब डालर की इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात किया गया। अप्रैल 2022 के 1.86 अरब डालर के निर्यात के मुकाबले इसमें 24.9 प्रतिशत की कमी रही। चीन को इंजीनियरिंग निर्यात अप्रैल 2023 में 15.5 प्रतिशत घटकर 18.33 करोड़ डालर रहा। हालांकि, पिछले महीने ओमान को होने वाला



निर्यात अप्रैल 2022 के मुकाबले दोगुना बढ़कर 15.39 करोड़ डालर पहुंच गया। भारत की इंजीनियरिंग वस्तुओं के लिए शीर्ष 25 देशों में से 15 को निर्यात में वार्षिक आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है। देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इंडोनेशिया और सिंगापुर की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले महीने में भारत का कुल इंजीनियरिंग निर्यात 7.15 प्रतिशत घटकर 8.99 अरब डालर रहा जबकि अप्रैल 2022 में कुल 9.68 अरब डालर का इंजीनियरिंग निर्यात किया गया था।

## अल-सल्वाडोर में भगदड़ से नौ की मौत

**अल सल्वाडोर।** मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में एक दुखद हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। दरअसल एक फुटबॉल मैच के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई। अल सल्वाडोर की नेशनल सिविल पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि मैच देखने के लिए स्टेडियम में घुसने की कोशिश की, इसी दौरान भगदड़ मच गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल सल्वाडोर की स्थानीय टीमें एलियांजा और एफएएस के बीच फुटबॉल मैच था। ये दोनों टीमें अल-सल्वाडोर की सबसे पसंदीदा टीमों में से एक है, यही वजह है कि इस मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने जबरन स्टेडियम में घुसने की कोशिश की, जिसकी वजह से भगदड़ मच गई और दम घुटने की वजह से नौ लोगों की मौत हो गई। भगदड़ में 500 के करीब लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुटबॉल मैच शुरू होने के 16 मिनट बाद ये हादसा हुआ, जिसकी वजह से मैच को रद्द कर दिया गया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 22 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# सीएम योगी ने सुनी जनसमस्याएं

## अपने माताओं के साथ वहां पहुंचे बच्चों को दुलारा और चॉकलेट देकर पुचकारते हुए खूब पढ़ने-लिखने और आगे बढ़ने की सीख दी

**जनसुनवाई**

**जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को सुना। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया और अधिकारियों को हिदायतें दी**



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को सुना। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया और अधिकारियों को हिदायतें दी। अपने माताओं के साथ वहां पहुंचे बच्चों को दुलारा और चॉकलेट देकर पुचकारते हुए खूब पढ़ने-लिखने और आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान योगी आदित्यनाथ एक एक फरियादी के पास खुद पहुंचे और उनके हाथों से शिकायती पत्रों को लिया। ध्यान से पढ़ते हुए शिकायत करने वालों से समस्या से जुड़े सवाल भी किये। सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को शिकायती पत्रों के शीघ्र और न्यायपरक निस्तारण का आदेश दिया।
उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि पीड़ितों की मदद में तत्पर रहें और जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में कोताही न करें। यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाएं और समस्या का निराकरण करें। चेतावनी देते हुआ कहा कि यदि जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 200 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी।
**योगी ने की नौ नव निर्मित मंदिरों में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थापित नौ देव मंदिरों के देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की।

### 'शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है योगाभ्यास'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रविवार को आईआईएम रोड स्थित श्री राम चंद्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट में नवीनीकृत हार्टफुलनेस मेडिटेशन हॉल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने योग महोत्सव में भाग लेने वाले स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग हमारे ऋषियों द्वारा मानवता को मिला ऐसा अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व ने योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।
इस दिन पूरे विश्व में लोग योग अभ्यास करते हैं। राज योग के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि राज योग के बहुत से स्वरूप हैं। राज योग का अर्थ शरीर के अंग से है। ध्यान केन्द्रित और प्रणायाम के माध्यम से हम अपने दिमाग को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात योग से हमें कर्मों में कुशलता आती है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास कार्यों की दी सौगात



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम पंचायत सांकरा में कुल 443 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के 88 कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इसमें 68 करोड़ 26 लाख 79 हजार रुपये के 17 कार्यो का लोकार्पण तथा 374 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपये के 71 कार्यो का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल जिन नये कार्यो का लोकार्पण किया, उनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 4 करोड़ 38 लाख 34 हजार रुपये के 13 सड़क नवीकरण कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 60 लाख 70 हजार रुपये के सीसी सड़क सह नाली निर्माण पंहडोर, एक करोड़ तीन लाख 19 हजार के सीसी सड़क सह नाली निर्माण रानीतराई, 60 लाख 70 हजार रुपये के सीसी सड़क सह नाली निर्माण करसा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत एक करोड़ 18 लाख रुपये के ग्लेजिंग यूनिट (माटी कला सेंटर) निर्माण सोनपुर, 30 लाख रुपये के सतनामी समाज हेतु सभागार निर्माण जामगांव(आर), 30 लाख रुपये के सतनामी समाज हेतु सभागार निर्माण सेलूद, 7 लाख 63 हजार रुपये के शासकीय नवीन हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण खुडमुडी एवं 25 लाख रुपये के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल है।
2 करोड़ 95 लाख के पंहदा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य एवं नहर लाइनिंग कार्य, 7 करोड़ 84 लाख रुपये के मगरगट्टा कापसी सांकरा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 9 करोड़ 76 लाख 42 हजार रुपये के निपानी एनीकट निर्माण कार्य होगा।
एक करोड़ 2 लाख 69 हजार रुपये के कसही स्टापडेम निर्माण कार्य एवं एक करोड़ 71 लाख 12 हजार रुपये के ग्राम कुमीर्गुण्डरा के पास स्टापडेम निर्माण कार्य शामिल है मुख्यमंत्री जिन नये कार्यो का भूमिपूजन किया।

**न्यूज फ्लैश**

## 23 मई से पर्वतीय क्षेत्रों फिर बदलेगा मौसम

**देहरादून:** राज्य में दो दिन बाद फिर से पर्वतीय क्षेत्रों फिर मौसम के बदलने की संभावना जताई गई है। इसके लिए मौसम विभाग ने बाकायदा अलर्ट भी जारी कर दिया है। विभाग ने 23 से लेकर 25 मई तक के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की से हल्की बारिश, ओलावृष्टि और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावनाएं जताई हैं। हालांकि शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। रविवार सुबह से देहरादून में हल्के बादलों के बीच राज्य के अधिकांश इलाकों में चटक धूप खिली रही। आज मौसम के सामान्य रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक बार फिर से 23 मई से मौसम करवट बदल सकता है। 22 मई को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जनपदों और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। 23 मई को राज्य के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश,गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। 24 और 25 मई को राज्य के अधिकांश जनपदों के स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

## फिर हुई गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़, एक घायल

**हरिद्वार:** धर्मनगरी में पुलिस द्वारा गौ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की देर रात थाना पथरी क्षेत्र के कासमपुर बुड्ढाहेड़ी के खेतों में पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। थाना पथरी क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में घायल बदमाश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जबकि एक बदमाश की तलाश में कांबिंग चल रही है। जिलेभर में पुलिस ने जनपद की सीमा से लेकर सभी मुख्य मार्गों पर चेकिंग कर वाहनों को खंगाला। बीते शनिवार की मध्य रात्रि को पथरी थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि जंगल के अंदर गौकशी की तैयारी चल रही है। पुलिस और सीआईयू की टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की।

# 'पीएम के नौ वर्षों के कार्य से हर नागरिक गौरवन्वित'




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर**
**देश के प्र**धानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में बैठक कर रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री व कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रभारी प्रियंका सिंह रावत उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं को हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में मिली सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संगठन की ओर से 30 मई से 30 जून के मध्य लोकसभा व विधानसभा स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई गई है। सभी कार्यक्रमों को पूर्व की भांति सकुशल सम्पन्न कराना है। बैठक में मौजूद केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने नवनिर्वाचित पार्टी के नगर निकाय अध्यक्षों को बधाई दी और उन्होंने निकाय चुनाव में मिली सफलता का श्रेय पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं को देते हुए कहा कि आज हमारे देश को विश्व पटल में सम्पन्न देश के रूप में देखा जा रहा है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वह संकल्प है, जिसमें उन्होंने नौ वर्षों में वह कार्य किया है, जिससे देश का एक-एक नागरिक आज अपने को गौरवन्वित महसूस कर रहा है ।जिला प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू की ओर से उपस्थित लोगों को आगामी अभियानों में अपने अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निभाने की बात कही गई।

**तैयारी**

**30 मई से 30 जून के मध्य लोकसभा व विधानसभा स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई गई है**

# विनाशकारी साबित होगी जातीय जनगणना

## भेदभाव मुक्त सामाजिक एवं जातीय संरचना ही सनातन संस्कृति की पहचान



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ जातिवादी नेता जातीय जनगणना को लेकर लगातार मुखर हैं। ऐसे नेताओं के खिलाफ काशी से आवाज उठने लगी है। समाज के बुद्धजीवी,सामाजिक कार्यकताओं ने दो टूक कहा कि ऐसे नेता समाज में नफरत फैलाने और देश को तोड़ने का कुचक्र रच रहे हैं। जातीय जनगणना देश के लिए विनाशकारी साबित होगी। रविवार को लमही स्थित सुभाष भवन में विशाल भारत संस्थान की ओर से आयोजित भेदभाव मुक्त सामाजिक एवं जाति संरचना विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी कीमत पर जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि डोमराज ओम चौधरी ने कहा कि मेरी समझ में आज तक यह बात नहीं आई कि जब प्रभु श्री राम ने कोई भेदभाव न करते हुए सबको एक समान समझते हुए सबका कल्याण किया। तो उन्हीं प्रभु श्री राम के अनुयाई होते हुए हमने भेदभाव करना कहां से सीख लिया। डोमराज ओम चौधरी ने विषय का उल्लेख कर कहा कि मैं चूंकि खुद दलित समाज से हूं तो इस चीज को मैंने बहुत करीब से महसूस किया है और कर रहा हूं। ये अलग बात है कि डोम राज परिवार से होने के नाते मणिकर्णिका घाट और उसके आस पास के इलाकों में मुझे इस भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ता, क्योंकि वहां लोगों की भावनाएं धार्मिक आस्था से जुड़ी होती है। गोष्ठी में विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजीव ने कहा कि देश को तोड़ने और जातियों में विभाजित करने की किसी भी मंशा को सफल नहीं होने देना है।

## 'भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने वाली सोच रखते थे राजीव गांधी'

**टीम एक्शन इंडिया/भदोही**
दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की रविवार 21 मई को पुण्यतिथि मनाई गई। जिला जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जिलाध्यक्ष ने उनके जीवन पर अपनी बात रखते हुए कहा कि राजीव गांधी देश में संचार क्रांति के जनक रहे। वह भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने वाली सोच रखते थे।

## माहरा ने बाघिन मामले पर सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जिम कार्बेट पार्क में बाघिन की मौत मामले में भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने यहां एक जारी बयान में जिम कार्बेट पार्क में भूख से मरी बाघिन और राजाजी नेशनल पार्क में बाघिन के मामलों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देहरादून के राजकीय दून चिकित्सालय के शौचालय में महिला प्रसव मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेशभर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर सरकार के विकास कार्यों का ढिंढोरा पीट रही है।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।




**शिकंजा** अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने का पुलिस ने इन फर्जी पत्रकारों की तलाश शुरू की

# सिंचाई अधिकारी से रंगदारी मांगने वाले कथित तीन पत्रकार गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
**हल्द्वानी में** सिंचाई विभाग के अवर अभियंता से रंगदारी मांगने के मामले में हल्द्वानी पुलिस ने कथित तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया है जबकि उनकी एक महिला साथी फरार चल रही है। गिरफ्तार किए गए तीनों पत्रकारों को जेल भेज दिया गया है। सिंचाई अधिकारी से इन लोगों ने एक लाख की रंगदारी मांगी थी। अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने का पुलिस ने इन फर्जी पत्रकारों की तलाश शुरू की। एसपी सिटी जगदीश चंद्र मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत दिवस सिंचाई विभाग के प्रधान कार्यालय में मुख्य अभियंता पद पर तैनात उमेश चंद्र कोठारी ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि गुरुवार को एक महिला सहित चार लोग उनके कार्यालय पहुंचे। सभी ने स्वयं को पुलिस की विजिलेंस शाखा का अधिकारी बताया और विजिलेंस का आईकार्ड दिखाया। इसमें से वे एक आरोपित के साथ बाइक से एटीएम पहुंचे और 70 हजार रुपये निकाले। एक दोस्त से बाकी की रकम 20 हजार रुपये उधार मांगे और 10 हजार रुपये मिलाकर आरोपितों को एक लाख रुपये की रकम दी। इसके बाद वे सभी फरार हो गए। सिंचाई अधिकारी ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी ने मामला दर्ज करने बाद रंगदारी मांगने वालों की तलाश शुरू की, जिसमें से उन्हें दबोच लिया गया।

**खुलासा**

**गिरफ्तार किए गए तीनों पत्रकारों को जेल भेज दिया गया है। सिंचाई अधिकारी से इन लोगों ने एक लाख की रंगदारी मांगी थी।**